सूर्योदय 5:49 सूर्यास्त 6:55
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 35.2
न्यूनतम 24.8

संसार को अपने संस्कार से जीता जा सकता है, अपने अहंकार से नहीं।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 | मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-228 | बृहस्पतिवार 19 अगस्त, 2021 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-द्वादशी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

चार लाख नौकरियों का ब्यौरा दे योगी सरकार : प्रियंका गांधी



कब तक देना है ब्यौरा?.....

# कहीं टिकट काटकर तो नहीं बना दिये विधान सभा प्रभारी ?








मुजफ्फरनगर, १८ अगस्त (बु.)। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को चुनावी तैयारी का रंग दिखाते हुए मुजफ्फरनगर जिले के दिग्गजों को विभिन्न जिलों का प्रभारी बनाया है। प्रभारी बनाने के बाद यूं तो भाजपा के उक्त दिग्गजों पर बधाईयों का तांता लग गया मगर राजनीतिक पंडितों का कयास माना जाये तो ऐसा लग रहा है कि मानों उक्त सभी विधानसभा चुनाव अथवा चेयरमैनी चुनाव के टिकटों के दावेदार थे और इन्हें टिकट न देकर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मान देने के लिए विभिन्न विधानसभाओं का प्रभारी बना दिया। आपको बताते चलें कि आज भाजपा हाईकमान द्वारा पूर्व जिलाध्यक्ष देवव्रत त्यागी, मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट से टिकट के दावेदार श्रीमोहन तायल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, अशोक बाठला, वीरपाल निर्वाल, कुशपुरी, यशपाल पंवार व संजय अग्रवाल को विभिन्न विधानसभाओं का प्रभारी बनाया गया है, जिनमें नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल को बिजनौर की चांदपुर विधानसभा, श्रीमोहन तायल को बिजनौर विधानसभा, कुशपुरी को सहारनपुर नगर, अशोक बाठला को बेहट, पूर्व विधायक अशोक कंसल को गंगोह, पूर्व जिलाध्यक्ष देवव्रत त्यागी को रामपुर मनिहारान तथा नितिश मलिक को मुरादाबाद ग्रामीण व यशपाल पंवार को सरधना विधानसभा का एवं संजय अग्रवाल को बेहट विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त सभी को यूं तो बहुत बड़ी जिम्मेदारी दे दी गयी है मगर ऐसी सम्भावनाएं प्रबल रूप से राजनैतिक पंडितों को दिखाई पड़ रही हैं कि ऐसा मानो कि विधानसभा चुनाव का टिकट काटकर सभी को यह जाहिर करा दिया गया कि पार्टी में उनका कद तो छोटा नहीं हुआ, मगर फिलहाल उन्हें टिकट की लाइन से बाहर कर दिया गया है। यदि विधानसभा चुनाव तक इन सबमें कुछ लोगों का प्रदर्शन अपने-अपने जिलों में दमदार लगा तो शायद पार्टी हाईकमान इन्हें विधानसभा टिकट थमाने का कार्य कर दे, मगर फिलहाल राजनैतिक गलियारों में यही चुटकी ली जा रही है कि उक्त सभी को विधानसभा प्रभारी बनाकर चुनाव लड़ने से दूर कर दिया गया है। ऐसे में नवनिर्वाचित विधानसभा प्रभारियों के लिए ठीक वैसी स्थिति खड़ी हो गयी है, जैसे सांप के मुंह में छछुन्दर। उक्त प्रभारी पद लेने से वह इंकार भी नहीं कर सकते और अंदरखाने उन्हें शायद यह भी समझ आ रहा है कि उनका विधानसभा टिकट काट दिया गया है। एक अनुमान के मुताबिक श्रीमोहन तायल व अशोक कंसल मुजफ्फरनगर सदर विधानसभा से टिकट के दावेदार थे वहीं दूसरी ओर कुशपुरी व अशोक बाठला मुजफ्फरनगर सदर विधानसभा से चेयरमैनी, खतौली विधानसभा से यशपाल पंवार प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। अब देखना यह होगा कि उक्त सभी को आने वाले विधानसभा चुनाव में सिर्फ प्रभारी ही बनाये रखा जाता है अथवा उन्हें टिकट भी दिया जाता है।

## राजेन्द्र का था झील में मिला शव

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त ( बु. )। पर्दाफाश झील में तैरता हुआ मिला शव शाहपुर थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी युवक का था। मृतक के परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर शव की पहचान की। गौरतलब है कि गत् दिवस शामली रोड पर स्थित पर्दाफाश झील में एक युवक का शव तैरते हुए मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया था। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के नया गांव मुझेड़ा निवासी राजेंद्र पुत्र मेहंदी के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने उसकी पहचान की है। पुलिस का कहना है कि युवक ने आत्महत्या की है।




लाइनमैन की मौत पर विलाप करते परिजन व हंगामा करते आक्रोशित ग्रामीण व परिजन

# संविदा लाइनमैन की करंट से मौत

**❑विद्युत विभाग ने दिया पांच लाख रुपये के मुआवजे का चेक ❑लाइन खोलने वाले जेई व अन्य कर्मी पर होगी कार्यवाही**

मोरना, 18 अगस्त ( बु. )। तेवड़ा गाँव में विद्युत लाइन पर कार्य कर रहे लाइनमैन को अचानक आये तेज़ करन्ट का झटका लगने से वह लाईन से नीचे गिर गया तथा मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मुआवज़े की मांग सहित दोषी विद्युत कर्मचारी पर कार्रवाई की माँग को लेकर ग्रामीणों ने मृतक के शव को रखकर बस स्टैण्ड मार्ग पर घण्टों जाम लगाया। इस दौरान भारी पुलिसबल भी मौके पर मौजूद रहा। तहसीलदार जानसठ अभयराज पांडेय ने मुआवज़े का आश्वासन देकर ग्रामीणों के रोष को शान्त किया। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव खेड़ी फिरोज़ाबाद निवासी 40 वर्षीय अरविंद पुत्र स्व. सोहनवीर सिंह पास के गाँव कम्हेड़ा स्थित 33/11 उपकेन्द्र पर संविदा लाइनमैन के रूप में पिछले तीन-चार वर्षों से कार्य कर रहा था। बुधवार को अरविंद उपकेन्द्र से जुड़े गाँव



तेवड़ा में स्थित बस स्टैण्ड के पास विद्युत लाइन के फॉल्ट को ठीक करने के लिये खम्बे पर चढ़ा ग्रामीणों के अनुसार अरविंद फोन पर बिजलीघर में किसी से बात कर रहा था कि अचानक लाइन में करंट आ गया और तेज़ झटके के साथ अरविन्द नीचे आ गिरा, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। लाइनमैन की मौत से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने दोषी कर्मचारी व मृतक आश्रितों को मुआवजा व उसकी विधवा पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाने की माँग को लेकर ग्रामीणों ने शव को रखकर घण्टों जाम लगाया। मृतक अपने पीछे पत्नी पल्लवी सहित पुत्री पल्लवी, माही, गुड़िया व पुत्र हर्ष सहित बूढ़ी व बीमार मां लीलावती को रोता बिलखता छोड़ गया है। अरविंद का परिवार बेहद गरीब बताया गया है। अरविंद की तनख्वाह से ही परिवार का गुज़र बसर हो रहा था। अरविन्द की मौत पर हुए हंगामे की सूचना पर तहसीलदार जानसठ अभिराज पांडे, भोपा सीओ गिरिजाशंकर व लेखपाल मोहसिन मीरांपुर व भोपा थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद बिजली विभाग के अफसरों को मौके पर बुलाकर उनसे अरविंद की पत्नी पल्लवी को पांच लाख रुपये का चेक दिलवाया गया। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को कृषक दुर्घटना बीमा के तहत पांच लाख रुपये शासन से दिलवाए जाने का भी आश्वासन दिया गया वहीं आरोपी जेई व विद्युतकर्मी के खिलाफ भी कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। इसके बाद शाम करीब सात बजे ग्रामीण शांत हुए, जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया।

## बिना सुरक्षा के जानलेवा कार्य करने को मजबूर बेरोजगार

मोरना, 18 अगस्त ( बु. )। विद्युत विभाग द्वारा सुरक्षा के प्रति लापरवाह होने से लगातार लाइनमैन के साथ हादसे घट रहे हैं। भोपा व ककरौली क्षेत्र में विद्युत कार्य करने वाले लाइनमैन हादसों का शिकार होते रहे हैं। कम्हेड़ा, ककरौली, भोपा, भोकरहेड़ी उपकेन्द्र पर तैनात कई लाइनमैन की जान अब तक जा चुकी है, जिनमें सभी हादसे शटडाउन के दौरान हुए हैं। मामूली से वेतन पर कार्य करने वाले बेरोजगार युवा बिना किसी मज़बूत सुरक्षा के खतरों से खेलने को मजबूर हैं। वहीं चुनाव के दौरान जनता को सुख-दुख में साथ देने का आश्वासन देने वाले प्रतिनिधियों की गैर मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में चर्चायें व्याप्त रही। क्षेत्र के ज़िला पंचायत सदस्य के न होने से ग्रामीणों को उनकी कमी खली। मौके पर पहुंचे ज़िला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल के प्रतिनिधि प्रदीप निर्वाल ने मृतक के आश्रितों को अधिक से अधिक सहायता दिलाने को लेकर अधिकारियों से बात की।

# उम्मीद है गठवाला खाप का सहयोग किसान आन्दोलन को मिलता रहेगा : नरेश टिकैत

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त ( बु. )। गठवाला खाप के गांव लांक में बुधवार को गठवाला खाप की एक पंचायत संपन्न हुई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि गठवाला खाप ने सदैव भारतीय किसान यूनियन को हर आन्दोलन में भरपूर सहयोग दिया है और उम्मीद है कि भविष्य में भी गठवाला खाप का सहयोग किसान आंदोलन को मिलता रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि 5 सितंबर को मुजफ्फरनगर में होने वाली किसान महापंचायत गठवाला खाप की सहभागिता पहले से भी अधिक होगी। उन्होंने कहा कि यह किसानों के आत्मसम्मान की लड़ाई है, किसानों को अपने आत्मसम्मान की रक्षा के लिए 5 सितंबर को भारी दल बल के साथ मुजफ्फरनगर के राजकीय कॉलेज ग्राउंड में पहुंचना है।

इसके साथ ही भारतीय किसान यूनियन के सुप्रीमो नरेश टिकैत गठवाला खाप के थांबा चौधरी राजेंद्र सिंह के 10 दिन के अल्टीमेटम के बारे कहा कि हम गठवाला खाप के चौधरी राजेंद्र सिंह का पूरा सम्मान करते हैं और उन पर पूरा भरोसा करते हैं। चौधरी टिकैत ने कहा कि हम उन्हें एक कोरे कागज पर अपने हस्ताक्षर करके भेज देंगे, वह जो चाहे उस पर लिख ले और पढ़कर सुना दें, हमें कोई आपत्ति नहीं होगी। भारतीय किसान

शेष : पृष्ठ ४ पर



## इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला दसवीं का पेपर देने पहुंचे

सिरसा,18अगस्त ( वार्ता ) हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला आज दोपहर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के दसवीं कक्षा का अंग्रेजी विषय का पेपर देने यहां पहुंचे। श्री चौटाला ने आज यहां बताया कि उन्होंने दो वर्ष पहले दसवीं कक्षा के सभी विषयों के पेपर दिए थे जबकि वह अंग्रेजी विषय में फेल हो गए, इसलिए अब वह अंग्रेजी विषय का कंपार्टमेंट का पेपर दे रहे हैं। उन्होंने इस पेपर की पूरी तैयारी की है विश्वास है कि वह अच्छे अंक लेकर इस पेपर में पास होंगे। सिरसा के आर्य समाज रोड पर आर्य कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने बाहरवीं कक्षा की भी परीक्षा दी हुई है लेकिन भिवानी बोर्ड ने उनका परिणाम रोक लिया है उन्होंने इसकी वजह दसवीं कक्षा के अंग्रेजी विषय के पेपर में पास न होना बताया है।

# सांसद संजीव बालियान डेंगू ग्रस्त, एम्स में हुए भर्ती

मुजफ्फरनगर, १८ अगस्त (बु.)। कुछ दिनों से चल रहे बुखार के बाद सांसद संजीव बालियान को डेंगू ग्रस्त बताया गया, जिन्हें खराब स्वास्थ्य के चलते पहले दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, मगर कुछ ही घण्टों बाद उन्हें एम्स में रैफर कर दिया गया। देर शाम उक्त सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंची कि कुछ दिनों से सांसद संजीव बालियान अस्वस्थ चल रहे थे। सिसौली प्रकरण पर अपना बयान देने के बाद से ही उनकी तबीयत खराब बताई जा रही थी। उसके बाद बुधवार को उनका स्वास्थ्य ज्यादा खराब होने के कारण उन्हें दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से कुछ ही घण्टों बाद उन्हें एम्स भेज दिया गया। एम्स जाने से पूर्व उनकी हालत में काफी सुधार था। बुधवार की रात उन्हें एम्स में भर्ती करा दिया गया।



## सीटीआईएल, सीटीईआई के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर को मंजूरी

नयी दिल्ली, 18 अगस्त ( वार्ता ) सरकार ने विश्व व्यापार संगठन में भारत के स्थायी मिशन , भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के व्यापार एवं निवेश कानून केंद्र ( सीटीआईएल ) और द ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड डेवलपमेंट स्टडीज, जिनेवा के तहत आने वाले सेंटर फॉर ट्रेड एंड इकोनॉमिक इंटिग्रेशन ( सीटीईआई ) के बीच हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर को स्वीकृति दे दी है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी। द ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड डेवलपमेंट स्टडीज के सीटीईआई के साथ समझौता ज्ञापन से सीटीआईएल और वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व निवेश कानून के क्षेत्र में शैक्षणिक एवं अनुसंधान के अवसर उपलब्ध होंगे।

## कौन बनेगा करोड़पति में लॉटरी जीतने की बात कहकर महिला से 8.76 लाख रुपये की ठगी

रत्नागिरी, महाराष्ट्र, 18 अगस्त ( वार्ता ) महाराष्ट्र में रत्नागिरी जिले के खेड़ तहसील के कोंदिवली गांव की एक महिला को ठग ने 876500 रूपये का चूना लगा दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार अशोक वार्ना नाम का एक ठग पीड़ति महिला से कहा कि उसे ''कौन बनेगा करोडपति'' में 40 लाख रूपये की लाटरी लगी है लेकिन उसके लिए 876500 रूपये का आय कर भरना पड़ेगा जिसके बाद उसे 40 लाख रूपये मिलेगा। आरोपी ने महिला से 'टैक्स' की रकम ले ली। उसने उसके आधार कार्ड, इस्लामिक बैंक के चेक, दुबई शाखा और अन्य दस्तावेजों की फोटो कॉपी भी ली। महिला को जब मालूम पड़ा कि उसके साथ धोखा हुआ तब उसने खेड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तालिबान को 'अफगानिस्तान सरकार' के रूप में मान्यता नहीं देगा कनाडा

टोरंटो 18 अगस्त ( वार्ता/स्पूतनिक ) कनाडा के प्रधानमंत्री जुस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि उनका देश तालिबान को अफगानिस्तान की वैध सरकार के रूप में मान्यता देने पर विचार नहीं कर रहा है। श्री ट्रूडो ने ओंटारियो के मार्खम में एक चुनाव अभियान के दौरान कहा कि तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के रूप में मान्यता देने की कोई योजना नहीं है और वह कनाडा के कानून के तहत आतंकवादी समूह के रूप में घोषित है।

# फुलत के मदरसे में न्यौता देने आए मोहन भागवत के भाई अनन्त भागवत

**❑मुंबई में ६ सितंबर को देशभर के २५० मुस्लिम उलेमाओं से चर्चा करेंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत**

मुजफ्फरनगर, १८ अगस्त (बु.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ स्वयं सेवक संघ ने भी मुस्लिम विरोधी छवि से उबरने की कवायद शुरू कर दी। छह सितंबर को महाराष्ट्र में होने वाले कार्यक्रम में देशभर के २५० के करीब मुस्लिम नेताओं को बुलाया गया है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अध्यक्ष मोहन भागवत के भाई अनन्त भागवत बुधवार को मुजफ्फरनगर के प्रसिद्ध फुलत मदरसे के संचालक मौलाना कलीम को न्यौता देने आए थे। मुस्लिम उलेमाओं ने भागवत के भाई का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कार्यक्रम में पहुंचने का भरोसा दिलाया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की छवि कट्टर हिन्दू वादी संगठन की है। भाजपा को सत्ता तक पहुंचाने में उसी के स्वयं सेवकों का अहम योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दूसरी पारी में सबका साथ और सबका विकास का संदेश दिया था। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अध्यक्ष मोहन भागवत भी कई मौके पर अपने एजेंडे के साथ मुस्लिम विरोधी छवि से बाहर होने की कोशिश कर चुके हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अध्यक्ष मोहन भागवत के भाई और ग्लोबल स्टेट्जिक पॉलिसी फाउंडेशन पुणे के अध्यक्ष अनन्त भागवत बुधवार को मुजफ्फरनगर जिले में फुलत के प्रसिद्ध मदरसे में मौलाना कलीम को न्यौता देने

शेष : पृष्ठ ४ पर



## 23 अगस्त से यू.पी. के स्कूलों में लौटेगी रौनक

लखनऊ 18 अगस्त ( वार्ता ) वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रकोप के कारण लंबे समय से बंद चल रहे उत्तर प्रदेश के स्कूल जल्द ही बच्चों से गुलजार होंगे। कोरोना संक्रमण के घटते मामलों के बीच राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कक्षा एक से पांच तक के प्राथमिक विद्यालयों को एक सितम्बर और कक्षा छह से आठ तक के स्कूलों में पठन पाठन का काम 23 अगस्त से शुरू करने के निर्देश दिये है। राज्य के शिक्षा विभाग ने इस संबंध में बुधवार को जरूरी दिशा निर्देश परिषदीय विद्यालयों, मान्यता प्राप्त विद्यालयों और अन्य बोर्डों के संचालित विद्यालयों को जारी किये है। सूबे के शिक्षा विभाग में विशेष सचिव आरवी सिंह ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को लिखे पत्र में कहा है कि कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों को खोले जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। गौरतलब है कि दो रोज पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों को दो चरणों में खोले जाने पर विचार करने को कहा था। उन्होने कहा था कि कोरोना महामारी अब नियंत्रण में है और स्कूलों को अब खोलने की दिशा में कदम उठाया जा सकता है। गौरतलब है कि पिछली 16 अगस्त से कक्षा नौ से 12 तक के स्कूलों को खोल जा चुका है। यहां दो पालियों में स्कूलों को संचालित किया जा रहा है।

**छठी पुण्य तिथि पर भावपूर्ण स्मरण**



**चितरंजन स्वरूप जी**

जन्म: 24.9.1946 | निर्वाण: 19.8.2015

बिछड़ा कुछ इस अदा से कि रुत ही बदल गई
इक शख्स सारे शहर को वीरान कर गया

**शोकाकुल परिवार**

आशुतोष स्वरूप बंसल
शंकर स्वरूप बंसल
अजय स्वरूप बंसल
मनोज स्वरूप बंसल
अनुज स्वरूप बंसल
वैभव स्वरूप बंसल
राघव स्वरूप बंसल
अभिनव स्वरूप, केतन स्वरूप
माधव स्वरूप
सिद्धार्थ, अक्षत, सार्थक

श्रीमती वीना स्वरूप बंसल
गौरव स्वरूप बंसल
सौरभ स्वरूप बंसल
विकास स्वरूप बंसल
कर्ण स्वरूप
कार्तिक स्वरूप
कुश स्वरूप
ध्रुव स्वरूप

# किसानों की जिले की मिलों से559 करोड़ बकाया का भुगतान की मांग

शामली, १८ अगस्त (बु.)। जनपद की तीनों शुगर मिलों पर किसानों का बकाया गन्ना भुगतान व बिजली की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने भाकियू नेताओं व शुगर मिल अधिकारियों के साथ–साथ विद्युत विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की, जिसमें उन्होंने शुगर मिल अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए बकाया भुगतान ढ़ाई माह के अंदर करते हुए नया सीजन, नया भुगतान करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने लगातार विद्युत विभाग की मिल रही शिकायतों में भी सुधार न करने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में भाकियू नेताओं, शुगर मिल अधिकारियों व विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, ताकि किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जा सके। इस दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष कपिल खाटियान ने जनपद की शुगर मिलों पर करीब ५५६ करोड़ रूपये बकाया भुगतान की मांग की। उन्होंने कहा कि थानाभवन शुगर मिल किसानों का भुगतान कराने में काफी पीछे है, जिसका फायदा शामली शुगर मिल और ऊन शुगर मिल के अधिकारी भी उठाते हैं। उन्होंने थानाभवन शुगर मिल के अधिकारियों को भुगतान न होने की स्थिति में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने किसानों की समस्याओं को समझते हुए जिले के तीनों शुगर मिल अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने आगामी ढ़ाई महीने के अंदर–अंदर एक शैड्यूल बनाकर किसानों का समस्त भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में नया सीजन शुरू होने जा रहा है, जिससे पहले–पहले पुराना भुगतान करा दिया जाये। नया सीजन नया भुगतान होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने विद्युत विभाग की मिल रही लगातार शिकायतों पर भी कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग आम उपभोक्ता व किसानों की टयूबवैल पर मिलने वाली बिजली की समस्याओं का जल्द समाधान करें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। डीएम से स्पष्ट किया कि यदि कोई भी शुगर मिल अधिकारी किसानों के भुगतान में कोताही बरतता है, तो शुगर मिलों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जायेगी। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि शामली शुगर मिल पर १७३, ऊन शुगर मिल पर १३० और थानाभवन शुगर मिल पर २५६ करोड़ रूपया बकाया है। इस मौके पर कुलदीप पंवार, संजीव राठी, अजीत निर्वाल, योगेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।




## यमुना में डूबने से युवक की मौत, मचा कोहराम

कैराना, १८ अगस्त (बु.)। यमुना नदी में डूबने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार गांव इस्सोपुर खुरगान निवासी समीर (१८) पुत्र गय्यूर बुधवार को गांव के ही निकट यमुना किनारे मवेशियों के लिए घास काटने के लिए गया था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान ढांग से पैर फिसलने के कारण वह यमुना नदी में गिर गया। युवक को यमुना नदी में डूबता देख आसपास के किसान मौके पर पहुंचे, जिसके बाद उसे किसी तरह से यमुना से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उधर, हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्यवाही के मृतक के शव को निकट स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए–खाक कर दिया।

## हत्यारों की तलाश में खाक छान रही टीमें, नहीं हुई कोई गिरफ्तारी

कैराना, १८ अगस्त (बु.)। दो दिन पूर्व युवक की हत्या के मामले में पुलिस की पांच टीमें अन्य राज्यों में खाक छान रही है, लेकिन पुलिस अभी भी हत्यारोपियों गिरफ्तार कर नहीं पाई। हालांकि, अधिकारियों का दावा है कि दर्जनभर लोगों से हत्यारोपियों के सुराग के लिए पूछताछ की जा रही है। दो दिन पूर्व गांव भूरा में एक मुकदमे की पैरवी को लेकर अजय नामक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह मुकदमा दुष्कर्म का बताया जा रहा है। मामले में मृतक के पिता सुरेंद्र ने गांव के ही शुभम व सन्नी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया था। इस घटना को लेकर डीआईजी ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया था और जल्द हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के करें निर्देश दिए थे। मामले में हत्यारोपियों की गिरफ्तारी हेतु एसपी ने पांच टीमें गठित कर उन्हें लगाया है। ये टीमें निरंतर हत्यारोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिशें दे रही है। इतना ही नहीं कुछ टीमें अन्य राज्यों में भी उनके होने वाले संभावित ठिकानों पर दबिश अभियान चलाए हुए हैं, लेकिन, दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की टीमें हत्यारोपियों की परछाई तक नहीं तलाश पाई है। हालांकि, पुलिस अधिकारी दावा कर रहे हैं कि जल्द ही हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह राणा ने और बताया कि दर्जनभर लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है, ताकि हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जा सके।



## तीज महारानी बनी अंजू अग्रवाल व तीज किंग बने सी.ए. संजय संगल

मुजफ्फरनगर, १८ अगस्त (बुस.)। कल अर्पण बैंक्वेट हाल में भारत विकास परिषद विराट शाखा के द्वारा तीज महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कड़ी परतीस्पर्धा के बाद अंजू अग्रवाल ने तीज महारानी बनने का खिताब जीता। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वल्लन व वंदेमातरम के साथ महिला सयोजिका रानी गोयल ने शुभकामनाओं के साथ शुरू किया। कार्यक्रम की चेयरमैन श्रनीरा गोयल–उमेश गोयल व रितु गर्ग–अंकुर गर्ग ने कार्यक्रम को भव्य रूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रियंका गुप्ता, इस्मीता जैन, डोली गोयल, प्रिया गर्ग, रीता सिंघल ने बहुत ही सुंदर सामूहिक गीदा नृत्य परतुत कर तालियां बटोरी। उजाला व उनके बेटे हर्षवर्धन मून ने सुंदर गाने पर डांस किया। अमित गुप्ता व रिया गुप्ता के मनमोहक नृत्य ने सभी का मनमोह लिया। आकाश ने अपने बेटे हर्ष के साथ सरप्राइज डांस करके हाल में सरसराहट पैदा करके तालियां बजाने पर सबको मजबूर कर दिया। मास्टर सर्वज्ञ गुप्ता, जयप्रकाश के पौत्र, प्रमोद अरोरा की धेवती व राजेश मित्तल के पुत्र ने बहुत सुंदर प्रस्तुतियां पेश की। अंत में परिषद विराट के पदाधिकारियों लोकेश–प्रिया, उजाला–आकास, रानी–पवन कुमार गोयल, रितु–अंकुर गर्ग, नीरा–उमेश गोयल ने उड़े जब जब जुल्फे तेरी पर सामूहिक ओल्ड गीत पर डांस करके तीज महोत्सव में चार चांद लगाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के बीच–बीच में अनेकों



सरप्राइज अध्यक्ष मनोज गर्ग के द्वारा दिये गए। तीज किंग २५ सेल्फी लेकर 'सेल्फी ले ले रे भैया' में सीए संजय संगल रहे। तीज महारानी कपल श्रीमती अंजू अग्रवाल–अशोक अग्रवाल ने १० प्रतिभागियों को पछाड़कर प्रथम स्थान पर आकर उनको पिछले वर्ष की तीज क्वीन ने अपना ताज सौंपा और रानी गोयल ने गिफ्ट भेंट करके पटका पहनाकर कर मान बढ़ाया। अशोक अग्रवाल को पवन कुमार गोयल ने पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मनोज गर्ग अध्यक्ष, लोकेश गुप्ता सचिव, आकाश बंसल कोषाध्यक्ष, रामकुमार तायल, निष्काम गर्ग, अमित जैन, कुलदीप गोयल, मनोज सिंघल, सुमित गर्ग, विनय कुच्छल, राधेश्याम गर्ग, अरविंद मित्तल, शरद जैन, केशव गर्ग, संस्कृति, अर्चा गोयल, ऋतु भलोटिया, श्वेता गोयल, विनीता अरोरा, रमेश चंद गुप्ता, कपिल मित्तल, अशोक कुमार शर्मा इलेक्ट्रिक, सीए संजय जैन, चमन लाल सिंघल, अलका सिंघल, भूदेव सिंह, अवनीश मोहन तायल, विपिन कुच्छल, अर्पणा कुच्छल, रितु गर्ग, सीए रिया आदि का सहयोग रहा।

## गन्ना किसानों ने किया ऑनलाइन गन्ना सर्वे का विरोध

भोपा, १८ अगस्त (बु.)। दी गंगा किसान सहकारी चीनी मिल मोरना द्वारा किसानों का ऑनलाइन सर्वे किया जा रहा है, जिसका किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए महाप्रबंधक के समक्ष विरोध जताया। सोमवार को मोरना क्षेत्र के किसानों ने दी गंगा किसान सहकारी चीनी मिल मोरना परिसर में इकट्ठे होकर चीनी मिल द्वारा ऑनलाइन गन्ना सर्वे का विरोध किया। इस दौरान किसानों ने बताया कि सुपरवाइजर के द्वारा गन्ना सर्वे नहीं किया जा रहा है। गन्ना सर्वे का ऑनलाइन फीडिंग नहीं किया जा रहा है। नए सदस्यों को बनाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा चीनी मिल द्वारा गन्ना भुगतान भी नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक हानि हो रही है। किसानों का चीनी मिल पर लगभग ५० करोड़ रुपए का भुगतान करीब २ महीने ५ दिन का बताया है, जिसे ब्याज सहित भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए। किसानों ने मिल प्रबंध तंत्र को ने चेतावनी देते हुए कहा की अगर २ दिन के अंदर किसानों की समस्त समस्याओं का निवारण नहीं किया गया, तो किसान मिल कर्मचारियों को बंधक बनाकर ६ ट्रूप में बिठाया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी मिल प्रबंध तंत्र की होगी। इस दौरान मुख्य रूप से रविंद्र प्रधान उर्फ छोटा, राजीव रहमतपुर, बिन्नू रोटी, संजीव माजरा, धर्मेंद्र, सुभाष, अमित प्रधान, प्रमोद राठी, रोबिन, संसार सिंह, रविंदर, श्यामवीर, हरविंदर, मनोज, विपिन, सचिन मौजूद रहे।

### ३४८ के लिए सैंपल, २२२ को लगा टीका

कैराना, १८ अगस्त (बु.)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को सीएचसी, कन्या इंटर कलेज डुंडूखेड़ा व आर्य कन्या इंटर कॉलेज में कोरोना जांच हेतु ३४८ लोगों के सैंपल लिए। इनमें एंटीजन किट से १७५ की जांच रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई, जबकि आरटीपीसीआर किट से लिए गए अन्य सैंपल लैब भेज दिए गए। वहीं सीएचसी व प्राइमरी स्कूल में स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को कोरोनारोधी टीकाकरण किया गया। यहां कुल २२२ लोगों को टीका लगाया गया।




### तंमचा सप्लायर को पुलिस ने भेजा जेल

जानसठ, १८ अगस्त (बु.)। पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक तमंचा गिरोह के सप्लायर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो तमंचे बरामद किए हैं। वहीं चर्चा है कि पुलिस ने तीन युवकों का पकड़ा था, लेकिन जेल एक को ही भेजा है। बाकी दो के लिए पुलिस खेल कर गई। इंस्पेक्टर डी.के. त्यागी ने बताया कि कस्बा चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह पानीपत खटीमा मार्ग पर चैकिंग कर रही थे, तभी एक युवक बाईक पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से दो ३१५ बोर के तमंचे व दो जिंदा कारतूस बरामद कर लिए। पुलिस ने उसकी पहचान अंशुल पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम महलका थाना फलावदा जनपद मेरठ के रूप में कराई है। चर्चा है कि पुलिस ने तीन युवाओं को बाईक से दबोचा था, लेकिन एक युवक को ही जेल भेज दिया। बाकी दो को फलावदा गांव के पूर्व प्रधान छुड़ाकर ले गये। सूत्रों की माने तो इसके बदले काफी मोटे पैसों का खेल किया गया है। इंस्पेक्टर डी.के. त्यागी ने बताया कि उन्हें एक युवक की ही गिरफ्तारी की सूचना मिली थी। मामले की जांच की जाएगी।


डीएम चन्द्रभूषण सिंह का अभिनन्दन करते युवा पंजाबी संगठन के पदाधिकारी।

## युवा पंजाबी संगठन ने किया डीएम चंद्र भूषण सिंह का अभिनंदन

मुजफ्फरनगर, १८ अगस्त (बुस.)। युवा पंजाबी संगठन रजिस्टर्ड के सभी पदाधिकारियों ने डीएम चंद्र भूषण सिंह को उनके निवास स्थान पर जाकर मोमेंटो एवं बुके देकर अभिनंदन किया। विजय वर्मा ने बताया कि युवा पंजाबी संगठन के सभी लोगों ने उनसे वार्तालाप की और आशा व्यक्त की कि उनके सफल निर्देशन में मुजफ्फरनगर जिला दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करेगा। इस कार्यक्रम में संस्थापकगण अनिल अरोरा, जुगल किशोर खत्री, राजेंद्र कुमार विजय वर्मा पूर्व चेयरमैन एवं अजय ग्रोवर चेयरमैन, रितेश नागपाल सचिव, अमित खन्ना कोषाध्यक्ष, नवदीप चड्ढा, विमल मदान, प्रशांत मक्कड़, विपुल धमीजा एवं तरुण छाबड़ा असला बाबू आदि लोग उपस्थित थे।

### गांव अलीपुर अटेरना से प्रेमी युगल फरार, बुढ़ाना पुलिस ने दो को लिया हिरासत में

बुढ़ाना, 18 अगस्त (बु.)। गांव अलीपुर अटेरना से एक प्रेमी युगल के फरार होने की खबर है। इस मामले में पुलिस ने प्रेमी के भाई सहित दो युवकों को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में बीती सोमवार के दिन अलग–अलग बिरादरी का एक प्रेमी युगल फरार हो गया। तब 20 वर्षीया युवती के परिजनों ने इसकी सूचना बुढ़ाना पुलिस को देते हुए अपनी पुत्री की बरामदगी की मांग की, जिसमें पुलिस ने 25 वर्षीय प्रेमी शाहिद पुत्र इदरीश अल्वी के सगे भाई दिलशाद और साकिब को पूछताछ करने के उद्देश्य से हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में आरोपी दिलशाद ने पुलिस को बताया कि वह लड़के लड़की को कार में मुजफ्फरनगर छुड़वाकर आया था। वह फिर वहां से आ गया था। उसके बाद वे दोनों कहां गये इसका उसे कुछ भी पता नहीं है। वे दोनों कलियर शरीफ की दरगाह पर जाने की बात जरूर कर रहे थे। दूसरी ओर गांव अलीपुर अटेरना के पूर्व प्रधान कलवा अलवी ने पुलिस से युवती की बरामदगी की मांग की है। इस संबंध में उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी अनिल तोमर ने बताया कि वें इस मामले में भागदौड़ में लगे हुए हैं। दोनों लड़के लड़की को जल्द पुलिस द्वारा बरामद कर लिया जायेगा।

## वैक्सीन लगवाने को चलाया अभियान

भोपा, १८ अगस्त (बु.)। प्राथमिक विद्यालय कासमपुरा की शिक्षिकाओं ने कोरोना निरोधक वैक्सीन लगवाने को लेकर गांव में जागरूकता अभियान चलाया तथा ग्रामीणों को कोरोना संक्रमण से बचने के लिए मास्क लगाने व आपस में दो गज की दूरी रखने की अपील की। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग ने छह गांवों में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अर्जुन सिंह के निर्देशन में बुधवार को क्षेत्र में सघन टीकाकरण अभियान चलाया गया, जिसमें मोरना पीएचसी पर ४५ वर्ष व भोपा सीएचसी तथा गांव बहुपुरा, ककराला, छछरौली, फिरोजपुर में १८ वर्ष व इससे ऊपर की आयु के लोगों को कोरोना निरोधक वैक्सीन लगाई गई। नेहरू युवा केंद से जुड़ी राष्ट्रीय युवा स्वंयसेवक प्रीति पाल, आशा एवं एएनएम के द्वारा गांव–गांव में दी गई सूचना के बाद अनेक लोग वैक्सीन लगवाने पहुंचे और आधार कार्ड से पंजीकरण कराकर कोरोना निरोधक टीकाकरण किया गया। वहीं, प्राथमिक विद्यालय कासमपुरा की शिक्षिका डॉ. सोनिया, रानू, बबीता, अंजू आदि ने वैक्सीन लगवाने को लेकर गांव में जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें शिक्षिकाओं ने पंपलेट व पोस्टर के माध्यम से लोगों से वैक्सीन लगवाने का आह्वान किया तथा कोरोना संक्रमण से बचने के लिए मास्क लगाने व दो गज की दूरी रखने, हाथों को बार–बार धोने व सैनिटाइजर करने की अपील की।

### महिला से अश्लीलता, आरोपी गिरफ्तार

कैराना, १८ अगस्त (बु.)। महिला ने अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को एक महिला ने अश्लील हरकत करने के आरोप में कोतवाली में तहरीर दी थी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुदकमा पंजीकृत कर लिया। वहीं, मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी शोएब निवासी रहमान कलोनी कैराना को कस्बे के बाजार से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।



समाजसेवी विजय वर्मा का सम्मान करते युवा पंजाबी संगठन के पदाधिकारी।

### आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 19 अगस्त, 2021

**मेष**-समय असंतोषजनक, व्यावसायिक हानि, मानसिक अशांति, प्रतिष्ठा पर आघात, मित्रों से तनाव, वातावरण अशांतिमय, योजना अधूरी, विवाद संभव।

**वृषभ**- कठिनाइयों का निराकरण, पराक्रम में वृद्धि, जनकल्याण की ओर भावना जागृत, कुछेक कार्य प्रगति की ओर, विवाद का समापन पक्ष में।

**मिथुन**- उन्नति का मार्ग प्रशस्त, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, योजना का शुभारम्भ, नौकरी में प्रोन्नति, पारिवारिक खुशी।

**कर्क**- साहसिक प्रयास प्रगति पर, मेल-मिलाप में रुचि, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, आकस्मिक लाभ का सुयोग, यश में वृद्धि।

**सिंह**- दिनमान विपरीत, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, मानसिक तनाव, शारीरिक कष्ट, व्यावसायिक निराशा, विरोधी प्रभावी लोने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा असंतोषजनक।

**कन्या**- बुद्धि चातुर्य से कुछेक मसले सुलझने की ओर, परिजनों का सलाह मान्य, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, नवसमाचार की प्राप्ति, पठन-पाठन में रुचि।

**तुला**- परिस्थितियाँ भाग्य के अनुकूल, आरोग्य सुख की प्राप्ति, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, भौतिक सुख के साधन सुलभ, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता।

**वृश्चिक**- घरेलू समस्याओं का समाधान, व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, वाध्यन की ओर रुझान, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुसंदेश की प्राप्ति से खुशी, वाहन से सुख।

**धनु**-सोचे हुए कार्य अधूरे, स्वास्थ्य की चिंता, एकाग्रता का अभाव, पारिवारिक मतभेद, लाभ में कमी, यात्रा कष्टकर, व्यवहार में लापरवाही हानिकारक।

**मकर**- दिन शुभ, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, यात्रा।

**कुम्भ**-व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, दूसरों के आश्वासनों से राहत, आपसी सम्बन्ध मधुर।

**मीन**-स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, कठिनाइयों का निराकरण, अध्यावसाय की ओर रुझान, आशानुकूल घटना घटित, पदोन्नति विषयक मसला हल।

✍ **विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस–२/१–७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी–२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२

### आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 19 अगस्त की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं: 1600- अहमद नगर पर अकबर का आधिपत्य। 1666- शिवाजी आगरा में फलों की टोकरी में छिपकर औरंगजेब की कैद से फरार। 1919- अफगानिस्तान ने ब्रिटेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की। 1949- भुवनेश्वर ओडिशा की राजधानी बना। 1960- स्पूतनिक 5 अंतरिक्ष यान से दो कुत्ते और तीन चूहे अंतरिक्ष में भेजे गए। 1964- संचार उपग्रह सिनकोम 3 का प्रक्षेपण। 1966- तुर्की में भूकंप से तकरीबन 2400 लोग मरे। 1973- फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया। 1977- सोवियत संघ ने सेरी सागान में परमाणु परीक्षण किया। 1978- ईरान के सिनेमाघर में आग लगने से 422 लोगों की मौत। 1999- भारत की परमाणु नीति के मसौदे से नाराज जी-8 ने सभी तरह की मदद पर रोक लगाने की घोषणा की। 2004- दुनिया की सबसे बड़ी इंटरनेट कंपनी गूगल ने अपने शेयर बाजार में उतारे। 2005- श्रीलंका सरकार और लिट्टे में शांति वार्ता फिर शुरू करने पर सहमति। 2007- अंतरिक्ष स्टेशन पर गए मिशन एंडेवर के यात्रियों ने स्पेसवॉक पूरा किया। 2008- पाइमान की सहायक कार्यकारी निदेशक मोसारत कदीय तथा एसोमैच के अध्यक्ष साजन जिंदल ने भारत-पाकिस्तान को लेकर व्यापार संबंधी रिपोर्ट जारी की। 2009- नौसेना के कमांडर दिलीप डोंडी स्वेदेश निर्मित नैसेना नौका महादेई के द्वारा सम्पूर्ण विश्व की यात्रा के लिए रवाना हुये। 2009- ईराक के बगदाद में सिलसिलेवार बम विस्फोट में 101 लोगों की मौत और 565 घायल। 2010- अमेरिकी सेना की अंतिम ब्रिगेड के कुवैत जाने के साथ ऑपरेशन इराकी फ्रीडम खत्म हुआ। 2013- बिहार के धमरा घाट में ट्रेन दुर्घटना में कम से कम 37 लोग मारे गए।

## एसडीएम ने भाजपा सभासदों के बयान दर्ज किए

शामली, १८ अगस्त (बु.)। भाजपा सभासदों द्वारा २२ दुकानों के आवंटन में भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद बुधवार को एसडीएम कैराना ने नगर पालिका शामली पहुंचकर शिकायतकर्ता सभासदों के बयान दर्ज किए। एसडीएम ने सभासदों के बाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी और बाबुओं के बयान लेते हुए जल्द ही मामले की रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही है। नगर पालिका के भाजपा वार्ड सभासद पति निशीकांत संगल, सभासद राजीव गोयल, अनिल उपाध्याय और पंकज गुप्ता ने डीएम सहित सहारनपुर कमिश्नर, सांसद, विधायक और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष को ज्ञापन देकर नगर पालिका अध्यक्षा अंजना बंसल के पति पर आगामी २०२२ के विधानसभा चुनाव में फायदा उठाने की नीयत से नगर पालिका में भ्रष्टाचार करते हुए नगर पालिका की नवीन मंडी स्थित २२ दुकानों को अपने चेहरों को आवंटित करने का आरोप लगाया था, जिसमें उन्होंने एक सभासद रोहित रहमानी व बाबू पर अपने परिजनों के नाम दुकानों को आवंटित करने का आरोप लगाते हुए नगर पालिका के नियम विरूद्ध बताया था। मामले की लगातार शिकायतों के बाद जांच अधिकारी के रूप में पहुंचे एसडीएम कैराना उद्भव त्रिपाठी ने बुधवार को नगर पालिका परिषद शामली कार्यालय पहुंचकर सभासदों के बयान दर्ज किए। इस दौरान निशीकांत संगल, राजीव गोयल व अनिल उपाध्याय ने नगर पालिका पहुंचकर अपने ब्यान दर्ज कराये। सभासदों की जांच के दौरान बताया कि वार्ड सभासद पति तोहिद ने अपने पुत्र इस्लाह के नाम से दुकान आवंटित कराई थी, लेकिन सरकारी कागजों के साथ छेडछाड़ करते हुए नगर पालिका कर्मचारियों से सांठगांठ कर कागजों में नाम बदलकर इस्लाम पुत्र वहीद कर दिया है, जिसकी जांच कराकर उक्त बाबू के खिलाफ भी कार्यवाही की जाये। इस दौरान एसडीएम ने सभासदों के बाद नगर पालिका ईओ व बाबूओं के ब्यान लेते हुए जल्द ही मामले की रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही है।

## कोरोना टीकाकरण हेतु युवा पंजाबी संगठन ने किया विजय वर्मा का सम्मान

मुजफ्फरनगर, १८ अगस्त (बुस.)। विजय वर्मा को युवा पंजाबी संगठन के संस्थापक जुगल किशोर खत्री, राजेंद्र कुमार, कुलदीप कपीश, एवं अजय ग्रोवर चेयरमैन, नीरज मुंजाल अध्यक्ष, रितेश नागपाल सचिव, अमित खन्ना कोषाध्यक्ष, नवदीप सिंह चड्ढा, हैप्पी, गुड्डू बेदी, विपुल धमीजा, संजय वधावन एवम सभी संगठन के सदस्य द्वारा होटल सोलर ईयर इन में भारतीय जनता पार्टी एवं मोदी जी, योगी जी के अभियान के तहत अनेकों कोरोना टीकाकरण के सफल आयोजन करवाने हेतु मोमेंटो, बुके देकर सम्मानित किया गया।

## कुश पुरी को सहारनपुर नगर विस का प्रभारी नियुक्त किया गया

मुजफ्फरनगर, १८ अगस्त (बुस.)। आज क्षेत्रीय अध्यक्ष मेरठ द्वारा २०२२ उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के अंतर्गत ७१ विधानसभाओं के विधानसभा प्रभारी नियुक्त किए गए। इस में लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कुश पुरी को सहारनपुर नगर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया। सहारनपुर महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व सांसद राघव लखन पाल, पूर्व विधायक राजीव गुंबर, भाजपा नेता दिनेश सेठी, योग चुग, दिनेश शेट्टी, शीतल विश्नोई, अरुण यादव, के.एल. अरोरा, मुकेश खन्ना विजेंद्र प्रधान, विपिन सलूजा आदि सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने कुश पुरी को सहारनपुर नगर विधानसभा प्रभारी होने पर शुभकामनाएं व बधाई दी और अपने पूर्ण सहयोग के लिए कुश पुरी को आश्वस्त किया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। कुश पुरी ने इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक आभार जताया तथा कार्यकर्ताओं को उनकी शुभकामनाओं के



लिए आभार व्यक्त किया और उन्हें आश्वस्त किया कि सभी के सहयोग और मोदी और योगी सरकार के शानदार काम के बल पर २०२२ के चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करनी है और इसमें सबका सहयोग अपेक्षित है।

## पेगासस : ममता सरकार की अधिसूचना पर रोक से इंकार

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने कथित पेगासस जासूसी मामले की जांच के लिए जस्टिस लोकुर आयोग के गठन संबंधी पश्चिम बंगाल सरकार की अधिसूचना पर रोक लगाने से बुधवार को इनकार कर दिया। पश्चिम बंगाल सरकार ने शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश मदन बी. लोकुर की अध्यक्षता में पिछले दिनों जांच आयोग के गठन को लेकर अधिसूचना जारी की थी। इस आयोग में कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ज्योतिर्मय भट्टाचार्य भी शामिल हैं। यह अधिसूचना गत सोमवार को राज्य सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव बी. पी. गोपालिका की ओर से जारी की गयी थी। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की खंडपीठ ने ग्लोबल फाउंडेशन पब्लिक ट्रस्ट की ओर से पेश वकील सौरभ मिश्रा की दलीलें सुनने के बाद अधिसूचना पर रोक का उनका अंतरिम अनुरोध ठुकरा दिया। न्यायालय ने, हालांकि याचिका के प्रतिवादियों- केंद्र सरकार, सूचना एवं प्रसार मंत्रालय, इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को नोटिस जारी किये। खंडपीठ ने साथ ही इस याचिका को पेगासस मामले पर अन्य याचिकाओं के साथ सम्बद्ध कर दिया। अब इसकी सुनवाई सभी याचिकाओं के साथ ही होगी। इस बीच केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से जारी अधिसूचना को 'असंवैधानिक' बताया।

### सुनंदा पुष्कर मौत मामला: आरोप मुक्त हुए शशि थरूर

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता) दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कांग्रेस नेता शशि थरूर को उनकी पत्नी सुनंदा पुष्कर मौत मामले में सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने श्री थरूर को आरोपों से मुक्त करते हुए बांड भरने का भी निर्देश दिया। उधर, अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने कहा कि उनके लिए पिछले साढ़े सात साल काफी मुश्किल भरे रहे हैं।

### मदद करने के बजाय अमेरिका और यूरोपीय संघ सिर्फ पड़ोसी देशों का कर रहे आह्वान : रूस

मॉस्को, 18 अगस्त (वार्ता/स्पूतनिक)। रूस ने कहा है कि अमेरिका और यूरोपीय संघ शरणार्थी शिविर स्थापित करने तथा अफगानिस्तान के निवासियों को मानवीय सहायता प्रदान करने की बजाय पड़ोसी देशों से सीमाएं बंद नहीं करने का आह्वान कर रहे हैं। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोवा ने सोलोव्यू लाइव यूट्यूब शो में कहा, ''पश्चिमी जगत क्या करता है? नाटो और यूरोपीय संघ के देश जो 20 साल के लिए 'चीजें ठीक' करते हैं... क्या वे विमान भेज रहे हैं?... क्या वे शरणार्थी शिविर स्थापित कर रहे हैं या सहायता प्रदान करने वाले गैर सरकारी संगठनों को धन आवंटित कर रहे हैं?... नहीं, सब कुछ इससे बहुत अधिक दिलचस्प है, वे बस विदेश विभाग की वेबसाइट पर एक बयान प्रकाशित करते हैं, जिसमें पड़ोसी देशों से सीमाएं बंद नहीं करने और सड़कों तथा हवाई अड्डों को खुला छोड़ने का आग्रह किया गया है।''

### ललित अग्रवाल को भारत तिब्बत संघ मेरठ प्रान्त, (पउप्र) का प्रान्त अध्यक्ष बनाया गया



मुजफ्फरनगर, १८ अगस्त (बुस.)। भारत तिब्बत समन्वय संघ (पंजीकृत) के शीर्ष नेतृत्व हेमेन्द्र प्रताप सिंह तोमर (राष्ट्रीय संयोजक), विजयमान राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा ललित अग्रवाल को भारत तिब्बत संघ मेरठ प्रान्त, (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) का प्रान्त अध्यक्ष बनाया गया। ललित अग्रवाल को शुभकामनाएं देने में राजीव गर्ग (प्रान्त संरक्षक), श्रीमोहन तायल, राजेश परासर, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, बिजेंद्र पाल, पीयूष अग्रवाल आदि गणमान्य लोगों द्वारा बधाई दी गई। भारत तिब्बत समन्वय संघ का उद्धेश्य तिब्बत को मुक्ति दिलाने से है। तिब्बत और पवित्र कैलाश मानसरोवर की स्वतंत्रता के लिए यह संघ मजबूती से कार्य करेगा।

## काबुल से कड़ी मशक्कत के बाद स्वदेश लौटे मंडल ने सुनाई अपनी व्यथा

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता)। काबुल में भारतीय दूतावास के अधिकारियों को जब एक लंबा कुर्ता पहने एक तालिबानी ने कहा,'' हवाई अड्डे जाने के लिए पाँच मिनट में अपना सामान बांधकर तैयार रहो, हम आप सभी को सुरक्षा प्रदान करते हुए वहां ले जाएंगे, तो किसी अनहोनी की आशंका से वे सहम से गए थे। गत 16 अगस्त से अपने बचाव के लिए सांस रोक कर इंतजार कर रहे सभी लोगों के लिए यह उचित समय था और बिना सामान या न्यूनतम सामान के साथ यहां से निकलने के तालिबान के निर्देश पर भी अधिकारियों ने राहत की सांस ली, क्योंकि उनकी संकट की घड़ी समाप्त होने के करीब थी। लगभग 24 कारों (लैंड क्रूजर) में ये अधिकारी एक तालिबानी वाहन के एस्कॉर्ट के साथ हवाई अड्डे के लिए रवाना हुए। काबुल में तैनात एयर इंडिया के प्रबंधक (कंट्री मैनेजर) सुदीप्तो मंडल ने यूनीवार्ता के साथ एक फोन कॉल पर अपने लगभग 36 घंटे के दु:खद अनुभव को साझा किया। वह खुद के निकलने पर अपने आप को भाग्यशाली मानते हैं, क्योंकि संयोग से एक कार उन्होंने हवाई अड्डे पर देख ली थी और अगर वह उन्हें नहीं मिली होती, तो वह कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि क्या हुआ होता। काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद स्थिति काफी डरावनी हो गई थी और 15 अगस्त को काबुल से एयर इंडिया की अंतिम उड़ान को विदाई देने के बाद, मंडल हवाई अड्डे के कार्यालय लौट आये और अपने ड्राइवर (एक स्थानीय व्यक्ति) को खुद को लेने के लिए बुलाया, लेकिन ड्राइवर ने अवरुद्ध सड़कों और शहर में तनावपूर्ण माहौल का हवाला देते हुए आने में असमर्थता व्यक्त की। इससे मंडल स्तब्ध रह गये और उनके दिमाग में अनिश्चितता का बादल छा गये थे। किस्मत से उन्हें हवाई अड्डे पर एक भारतीय दूतावास की कार मिली, जो एक अधिकारी को लेने आई थी। वह तुरंत उसमें बैठ गए। इस कार में दूतावास के अधिकारी थे, जो ड्यूटी पर थे, उनके साथ वह दूतावास आये, जहां एक और आश्चर्य उनका इंतजार कर रहा था। मंडल ने बताया कि लंबे कुर्ते पहने कई तालिबानी दूतावास में बैठे थे। अब तक मंडल को एहसास हो गया था कि बचना आसान नहीं होगा। दूतावास में एक और तालिबानी की बातें सुनकर मंडल के आश्चर्य ठिकाना नहीं रहा, जब उसने यह कहा था ,''हम आपको कोई नुकसान नहीं पहुंचायेंगे। आप क्यों वापस जाना चाह रहे हैं? आप लोग रूकें। हम आपकी सुरक्षा करेंगे।'' मंडल के लिए यह बात थोड़ी राहत पहुंचाने वाली थी, लेकिन अंदरूनी तौर पर दहशत और बढ़ ही गयी। जैसे-जैसे रात होती गई, वैसे-वैसे उनकी बेचैनी भी बढ़ती गई और16 अगस्त को उन्हें और दूतावास के अन्य अधिकारियों को बताया गया कि उन्हें हवाई अड्डे तक ले जाया जाएगा, लेकिन तालिबानियों से बिना कोई भी जानकारी नहीं मिलने से उनके लिए समय काटना बहुत ही अंतहीन था। अंत में, आधी रात के आसपास, तालिबानियों ने मंडल और दूतावास के अन्य अधिकारियों से कहा कि वे हवाई अड्डे की ओर जा रहे हैं, इसलिए पांच मिनट में अपना सामान पैक करें। हर कोई इस अनमोल क्षण की प्रतीक्षा कर रहा था और सभी कारों की ओर दौड़ पड़े। करीब 24 कारों में अधिकारियों के साथ एक तालिबानी वाहन भी था। दूतावास से हवाई अड्डे तक का 7-8 किलोमीटर का सफर कभी खत्म नहीं होता, मालूम हो रहा था और यह छोटी सी दूरी तय कर हवाई अड्डे के सुरक्षा क्षेत्र तक पहुँचने में लगभग चार घंटे लग गए, क्योंकि तालिबानियों ने अनेक जगह जाँच के लिए कारों को कई बार रोका था। मंडल के पास बदलने के लिए कपड़े, खाने के लिए भोजन और यहां तक की पीने के लिए पानी तक नहीं था, लेकिन उन्हें कोई शिकायत नहीं थी। वह और अन्य अधिकारी अमेरिकी और तुर्की सुरक्षा लोगों द्वारा संचालित रक्षा क्षेत्र में पहुंच गये थे, जहां हवाई अड्डे पर सी -17 भारतीय वायु सेना का विमान सभी को वापस स्वदेश ले जाने के लिए प्रतीक्षा कर रहा था। इस दर्दनाक अनुभव के बावजूद मंडल परेशान नहीं है और उनका कहना है कि जब भी नागरिक उड़ानों की अनुमति दी जाती है और एयर इंडिया का परिचालन शुरू किया जाता है, तो वह काबुल वापस जाने के लिए तैयार हैं। आखिरकार, वह 2019 से काबुल में तैनात हैं। उन्हें यात्रियों - दोनों भारतीयों और अफगानियों - के फोन आते रहते हैं कि काबुल में 'उड़ान कब शुरू होगी?'

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
उप–सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
☎ (आ.)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन–9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

# तालिबान की वकालत

अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान की हुकूमत के बाद तालिबान की मुख़ालफ़त और वकालत जमकर हो रही है। पाकिस्तान में मिठाई भी बांटी जा रही है और आशंकाएं भी जताई जा रही हैं, यानी तालिबान की वकालत भी चल रही है और मुख़ालफ़त भी हो रही है। भारत में प्रिन्ट और इलेक्ट्रिक मीडिया में इस समय तालिबान, अफ़ग़ानिस्तान, ट्रम्प, बाइडन, मलाला वहाँ की महिलाएं, अर्थव्यवस्था यही सब चल रहा है। इलेक्ट्रिक मीडिया पर चलने वाली बेकार बहस भी ज़्यादा तीखी हो रही है। बहस करने वाले लोगों में तालिबान की मुख़ालफ़त और वकालत करने वाले आपस में भिड़ रहे हैं। एक दूसरे पर अपशब्दों से हमला कर रहे हैं, माइक फेंककर भाग रहे हैं। समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद शफ़ीक़ुर रहमान बर्क़ के बाद मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता सज्जाद नोमानी ने भी तालिबान की वकालत की। उन्होंने बयान जारी कर अफ़ग़ानिस्तान पर तालिबान के क़ब्ज़े को जायज बताया। उन्होंने कहा कि तालिबान ने पूरी दुनिया की सबसे मज़बूत सेनाओं को धूल चटाई है। इन नौजवानों ने काबुल की ज़मीन को चूमा है। आगे कहा कि हिंदुस्तान का मुसलमान, तालिबान को सलाम करता है। उन्होंने तालिबान की जीत के लिए अल्लाह को शुक्रिया कहा। नोमानी ने कहा कि पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे एक निहत्थी कौम ने दुनिया की सबसे मज़बूत फौजों का मुकाबला किया और काबुल के महल में वे दाखिल हुए। उनमें किसी भी तरह का घमंड नहीं था, बड़े बोल नहीं थे। एक बार फिर यह तारीख रकम हुई है। सज्जाद नोमानी से पहले शफ़ीक़ुर रहमान बर्क़ ने भी तालिबान की वकालत की थी। उन्होंने कहा था कि तालिबानी अपने देश की आज़ादी के लिए लड़ रहे हैं। अफ़ग़ान के लोग उनके नेतृत्व में आज़ादी चाहते हैं। जब भारत पर ब्रिटिश शासन था, तब हमारे देश ने भी आज़ादी के लिए जंग लड़ी थी। अब तालिबान अपने देश को आज़ाद कराना चाह रहे हैं और उसके लिए लड़ रहे हैं। इस बयान के बाद उनके ख़िलाफ़ केस दर्ज हो गया, जिसके बाद उनके सुर बदल गए थे। शफ़ीक़ुर रहमान ने ट्विटर पर इसकी सफ़ाई देते हुए कहा कि मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। मेरा तालिबान से क्या मतलब। उधर अफ़ग़ानिस्तान में, कुछ लोग तालिबान का विरोध भी कर रहे हैं। कुछ महिलाएं विरोध में डट भी गयीं हैं। कुल मिलाकर हालात फिलहाल अच्छे नहीं हैं। वहाँ के हालत का अंदाज़ा यहाँ से वहाँ गयी एक फोन कॉल से हो जाता है। फोन की पूरी घंटी तक नहीं जा पाई थी कि उधर से फोन उठ गया और फोन उठाने वाले ने बहुत घबराई ज़ुबान से कहा, जी, मैं ज़फ़र बिलाल हूँ काबुल से। यह नंबर तो इंडिया का लग रहा है। क्या आप एंबेसी से बात कर रहे हैं? इधर से बताया गया कि जर्नलिस्ट बोल रहे हैं। हम आप लोगों के हालात के बारे में बात करना चाह रहा हैं। इतना सुनते ही बिलाल ने कहा क्या बात करूं। मेरी पत्नी, दो बेटियां और बहन बीते एक सप्ताह से घर के सबसे पिछले कमरे में बंद है। डर लगता है तालिबानियों से। ख़ुदा जाने अब हमारे अफ़ग़ानिस्तान का क्या होने वाला है। सड़कों पर तालिबानी लड़ाके हाथों में बंदूकें लेकर घूम रहे हैं। हम लोग घर से बाहर नहीं निकल सकते हैं। आज सातवां दिन है मेरे घर के दरवाजे और खिड़कियां नहीं खुले हैं। घरों में रखा हुआ पैसा भी ख़त्म हो गया है और 15 अगस्त के बाद से तो यहां के एटीएम में भी पैसा नहीं निकल रहा है। हालात बहुत बदतर हैं। मैं भारत आना चाहता हूँ। मेरे बहुत से रिश्तेदार वहां रहते हैं। यह बातचीत बताती है कि वहाँ के हालात कैसे हैं। राजधानी काबुल से 80 किलोमीटर दूर जलालाबाद शहर में तालिबान को आम जनता का विरोध झेलना पड़ रहा है। वहां लोगों ने तालिबानी हुकूमत के बीच अफ़ग़ानिस्तान का झंडा लगा दिया, जिसे तालिबान ने हटाकर अपना झंडा लगाने की कोशिश की। इस दौरान लोगों की तालिबानियों से झड़प हो गई और लोगों को डराने के लिए तालिबानियों से फायरिंग कर दी, जिसमें 3 लोगों के मारे जाने की ख़बर है। अफ़ग़ानिस्तान को बचाने के लिए बनाए गए फ्रंट नॉर्दन अलायंस ने तालिबान के ख़िलाफ़ जंग छेड़ दी है। तालिबानी हुकूमत के बीच पंजशीर घाटी में नॉर्दन अलायंस का झंडा फहराया गया है। 2001 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है। ऐसी ख़बरें हैं कि तालिबान से बचने के लिए जो अफ़ग़ानी सैनिक छिप गए थे वे अब पंजशीर पहुंचे रहे हैं। ये सैनिक दिवंगत अफ़ग़ानी पॉलिटिशियन अहमद शाह मसूद के बेटे अहमद मसूद की अपील पर पंजशीर में इकट्ठे हो रहे हैं। एक बड़े घटनाक्रम में तजाकिस्तान में अफ़ग़ान दूतावास ने इंटरपोल के जरिए भगोड़े राष्ट्रपति अशरफ गनी, हमदुल्ला मोहिब और फजलुल्लाह महमूद फाजली को ग़बन के आरोप में हिरासत में लेने का निर्देश दिया है। रूसी मीडिया ने दावा किया था कि 15 अगस्त को काबुल पर तालिबान के क़ब्ज़े से पहले गनी ने हेलिकॉप्टर में पैसा भरकर देश छोड़ दिया था। वे अपने साथ चार कारें भी ले गए हैं। जगह की कमी के कारण उन्होंने कुछ बैग रनवे पर ही छोड़ दिया था। तजाकिस्तान में अफ़ग़ान दूतावास से अशरफ गनी की तस्वीर की जगह उप राष्ट्रपति अमरुल्ला सालेह की तस्वीर लगा दी है। सालेह ने एक दिन पहले ही गनी की अनुपस्थिति में खुद को अफ़ग़ानिस्तान का राष्ट्रपति घोषित किया था। तालिबान ने भले ही अफ़ग़ानिस्तान पर क़ब्ज़ा कर लिया है, लेकिन अफ़ग़ानिस्तान की 10 अरब डॉलर यानी 74.26 हज़ार करोड़ रुपए की रकम उसे आसानी से मिलने में दिक़्क़त हो सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि 'द अफ़ग़ानिस्तान बैंक' ने इन पैसों को छिपा दिया है। जानकारों का मानना है कि बैंक ने ज़्यादातर संपत्ति अफ़ग़ानिस्तान से बाहर रखी है। ऐसी स्थिति में तालिबानी शासक अफ़ग़ान के सेंट्रल बैंक की 74.26 हजार करोड़ रुपए की संपत्ति पर आसानी से कंट्रोल नहीं पा सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि अफ़ग़ान सरकार के रिजर्व बैंक की अमेरिका में जो भी संपत्ति है, उसे तालिबान को नहीं दिया जाएगा।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

'आसान' 'फ़र्क़' 'क़र्ज़दार' 'दान'

टेढ़ी-मेढ़ी,उल्टी-सीधी राहों को आसान किया,
सही-ग़लत का फ़र्क़ बताया,भले-बुरे का ज्ञान दिया।
मात-पिता के क़र्ज़दार हैं, गुरुजनों के ऋणि हैं हम,
जीवन को उत्कृष्ट दिशा दी और विद्या का दान दिया।

# ट्राई शुल्क मामले में हाईकोर्ट के फैसले पर रोक से इंकार

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने टेलीविजन चैनलों के लिए भारतीय दूरसंचार विनियामक एवं प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी शुल्क आदेशों के मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक से बुधवार को इनकार कर दिया। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने 2017 और 2020 में ट्राई की ओर से जारी शुल्क आदेश के ज्यादातर प्रावधानों को बरकरार रखा था, जिसे शीर्ष अदालत में चुनौती दी गयी हे। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की खंडपीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन के समूह की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका पर नोटिस जारी किया। ट्राई की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने दलील दी कि याचिकाकर्ता अंतरिम राहत की मांग नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह फिलहाल उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने के पक्ष में नहीं है।



# हिन्दू महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। हिन्दू महासंघ के दर्जनों पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन के माध्यम से हिन्दू महासंघ ने जिला बागपत में घटित हमले की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। बुधवार को डीएम कार्यालय पहुंचे हिन्दू महासंघ के संयोजक बिट्टू सिखेडा के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला बागपत के बड़े गांव में हिन्दुस्तानी मुस्लिम तालीबानी द्वारा जैन समाज की धार्मिक बस पर लाठी-डंडे व घातक हथियारों के साथ हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। बुधवार को कलक्ट्रेट पहुंचे हिन्दू महासंघ कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में तालीबानी आतंकी होने का वर्तमान में इस हमले के बाद में आभास हो रहा है। उन्होंने कहा कि बागपत के बड़े गांव में जैन समाज की धार्मिक बस पर जो लाठी-डंडों तथा घातक हथियारों के साथ हमला किया गया, उसमें अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस घटना में लिप्त आतंकवादियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान कलेक्ट्रेट में मुख्य रूप से मनीष चौधरी, प्रवीण जैन, सतेन्द्र सेलान, सुरेन्द्र मित्तल, अतुल गर्ग, अमित तिवारी आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक कर्मचारियों के विरुद्ध दर्ज हुई रिपोर्ट को निरस्त करने की मांग

बुढ़ाना, 18 अगस्त (बु.)। स्थानीय ब्लॉक परिसर में ब्लॉक कर्मचारियों द्वारा दिए जा रहे धरने को आज तीसरा दिन है। आज बुधवार के दिन भी इस धरने में जहां एक ओर ब्लॉक के कई ग्राम प्रधान शामिल हुए, वहीं जिला मुजफ्फरनगर के सभी नौ ब्लॉकों के भी कर्मचारी मौजूद रहे। ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति विकास खंड बुढ़ाना तत्वावधान में आज भी ब्लॉक परिसर में कर्मचारियों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा, जिसमें धरने में बैठे लोगों ने मांग की कि बीते दिनों ब्लॉक कर्मचारियों के विरुद्ध कराये गये झूठे मुकदमे वापस लिये जाएं व उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, झूठे मुकदमे में फंसाने के दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाये, विकास खंड परिसर में कर्मचारियों से अभद्रतापूर्ण भाषा का प्रयोग करने दुर्व्यवहार करने वाले किसी जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि का पूर्णतया प्रवेश निषेध किया जाये और जो भी शासकीय कार्य होना है उसके लिये जनप्रतिनिधि ही विकास खण्ड में सम्पर्क करें न कि उनके प्रतिनिधि और बुढ़ाना ब्लॉक में कार्य करने वाले समस्त कर्मचारियों की बाहरी व्यक्तियों से सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। सबने एक सुर में चेतावनी दी है कि उक्त मांगों को लेकर आज उनके धरने को तीसरा दिन है। सबने कार्य का बहिष्कार व अनिश्चितकालीन धरना रख रखा है और ये तब तक जारी रहेगा, जब तक कि उक्त समस्याओं का पूर्णकालीन समाधान ना हो। धरने में ब्लॉक शाहपुर, ब्लॉक खतौली, ब्लॉक सदर, ब्लॉक चरथावल, ब्लॉक मोरना, ब्लॉक जानसठ, ब्लॉक पुरक़ाज़ी, ब्लॉक बघरा के सचिव, सफ़ाईकर्मी व मनरेगा कर्मचारी मौजूद थे।

## हैती में भूकंप से मरने वालों की संख्या 1,941 हुई

लेस कायेस, हैती, 18 अगस्त (वार्ता/शिन्हुआ) कैरेबियाई द्वीप हैती में शनिवार को आये शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,941 हो गयी है। देश की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण-पश्चिम हैती में 7.2 तीव्रता के भूकंप के जबरदस्त झटकों के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,941 हो गयी है और 9,900 से अधिक लोग घायल हुए हैं। एजेंसी ने बताया कि सबसे कठिन क्षेत्रों में बचाव अभियान जारी है।





# प्रभु कृपा संकीर्तन मण्डल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, १८ अगस्त (बु.)। मेरठ रोड स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर नानूपुरी में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रृद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। मंगलवार को शाम ७ बजे मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने उक्त संकीर्तन का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारम्भ किया। सर्वप्रथम गणेश वन्दना एवं हनुमत स्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसके बाद श्रीप्रभु की कृपा संकीर्तन मण्डल के भजन गायकों ने राधाकृष्ण शिव–पार्वती, बजरंगबली, मां दुर्गा आदि के भजन गाकर वहां सैंकड़ों की संख्या में मौजूद श्रृद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आपको बताते चले कि पिछले दो दशकों से प्रभु कृपा संकीर्तन मण्डल घर–घर जाकर निःशुल्क रूप से ईश्वर का गुणगान करता चला आ रहा है। इसी क्रम में प्रभु कृपा संकीर्तन मण्डल के वरिष्ठ पदाधिकारियों मुलखराज भगत, सुरेश भगत, ज्ञानेश भगत, नवीन भगत, सुनील अरोरा, जी.डी. शर्मा, संदीप बंसल आदि द्वारा १८वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कराया गया, जिसमें उनके सहयोगी मदनपाल, लवी कालरा, सागर अरोरा, राजू रहेजा, अश्वनी रहेजा, कमल अरोरा, कमल किंगर, धर्मेन्द्र चंचल, राकेश गुप्ता, राधेश्याम अरोरा आदि ने वार्षिकोत्सव में बढ़–चढ़कर अपना सहयोग प्रदान किया। लगभग ३ घण्टे तक भजन गायकों की मधुर भजन संध्या सुनने के पश्चात भोजन प्रसाद का कार्यक्रम भी विधिवत सम्पन्न हुआ। भावलपुर समाज व वैश्य समाज के श्रृद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर उक्त संकीर्तन में भाग लिया। परिवार सहित विभिन्न वर्ग व समाज के लोग मेरठ रोड स्थित मंदिर पहुंचे और भजन संध्या सुनने के बाद स्वादिष्ठ भोजन प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। श्रृद्धालुओं ने प्रभु कृपा संकीर्तन कार्यक्रम की भूरी–भूरी प्रशंसा की और कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि पिछले १८ वर्षो से प्रभु कृपा संकीर्तन मण्डल के पदाधिकारी एवं सहयोगी बिना एक भी रुपये लिए पूरे श्रृद्धा भाव से घर–घर जाकर प्रभु नाम लेते और कराते दिखाई पड़ते हैं और इस पुनित कार्य से वे स्वयं तो पुण्य के भागी बन ही रहे हैं साथ ही साथ लोगों के घरों को भी प्रभु नाम का गुणगान करके पवित्र कर रहे हैं। वास्तव में उनका उक्त कार्य सराहनीय है।

# अमेरिका ने अफगान सैनिकों को लड़ने के लिए 'रिश्वत' की तरह दिया भरपूर धन : ट्रंप

मॉस्को, 18 अगस्त (वार्ता/स्पूतनिक)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका ने अफगान सैनिकों को लड़ने के लिए बहुत अधिक धन का भुगतान किया, लिहाजा जब अमेरिकी सुरक्षा बलों की अफगानिस्तान से वापसी हुई, तो स्थानीय सैनिकों ने लड़ना बंद कर दिया। श्री ट्रंप ने फॉक्स न्यूज के सीन हैनिटी के साथ एक साक्षात्कार में कहा, ''मुझे बहुत से अलग-अलग लोगों से कुछ बहुत ही बुरी जानकारियां मिली हैं। सच्चाई यह है कि वे दुनिया में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सैनिकों में से हैं। वे तनख्वाह के लिए यह सब कर रहे थे, क्योंकि एक बार जब हम रुक गए, एक बार जब हम चले गये, तो उन्होंने भी लड़ना बंद कर दिया। हर कोई बहादुर है, लेकिन सच यह है कि हमारा देश अफगानिस्तानी सैनिकों को भरपूर धन दे रहा था, इसलिए हम एक तरह से उन्हें लड़ने के लिए रिश्वत दे रहे थे। उन्होंने कहा, ''यह बहुत अच्छी बात है कि हम अफगानिस्तान से बाहर निकल रहे हैं, लेकिन सुरक्षा बलों की वापसी को अब तक किसी ने भी राष्ट्रपति जो बिडेन जैसे खराब तरीके से नहीं संभाला होगा। मेरा मानना है कि यह हमारे देश के इतिहास की सबसे बड़ी शर्मिंदगी है।'' पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, ''हम अफगानिस्तान में सालाना 42 अरब डॉलर खर्च कर रहे थे। इसके बारे में सोचें, 42 अरब डॉलर। मैं समझता हूं कि रूस अपनी पूरी सेना के लिए सालाना 50 अरब डॉलर खर्च करता है और हम अफगानिस्तान में 42 अरब डॉलर खर्च कर रहे थे और बदले में हमें कुछ नहीं मिला।'' गौरतलब है कि 15 अगस्त को तालिबान ने अफगानिस्तान पर पूरी तरह कब्जा कर लिया। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने इस्तीफे की घोषणा की ओर देश छोड़ दिया। श्री गनी ने कहा कि उन्होंने हिसा को रोकने के लिए यह निर्णय लिया, क्योंकि आतंकवादी राजधानी काबुल पर हमला करने के लिए तैयार थे। इन घटनाओं के बाद अधिकांश देशों ने मध्य एशियाई देश में अपने राजनयिक मिशनों को कम या खाली कर दिया है।



## अरुण पुरी के खिलाफ कार्रवाई पर अंतरिम रोक

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने इंडिया टुडे पत्रिका में प्रकाशित एक लेख से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में पूर्व प्रमुख सम्पादक अरुण पुरी के खिलाफ कार्रवाई पर बुधवार को रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की खंडपीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ श्री पुरी द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किये। साथ ही इस मामले में उनके खिलाफ होने वाली कार्रवाई पर अंतरिम रोक भी लगायी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आपराधिक अवमानना मामले को निरस्त करने संबंधी श्री पुरी का अनुरोध ठुकरा दिया था, जिसे शीर्ष अदालत में चुनौती दी गयी है।



# स्वयं सहायता समूह पर राशन हड़पने के आरोप, सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। स्वयं सहायता समूह के द्वारा गरीबों के हिस्से का राशन व अन्य सुविधाओं में घोटाला किए जाने का आरोप लगाते हुए समूह की आधा दर्जन महिलाओं ने डीएम दरबार में दस्तक देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। बुधवार को डीएम दफ्तर पहुंची उक्त महिलाओं ने आरोप लगाया कि जब उक्त मामले की शिकायत अधिकारियों से की, तो उन्होंने कोई कार्रवाई न करते हुए उल्टे उन्हें ही धमकाकर वहां से भगा दिया। उधर, आरोपी उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रहे हैं, जिससे उनमें अनहोनी की आशंका बढ़ रही है। बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंची जानसठ तहसील के मोरना ब्लॉक में कार्यरत महिला लक्ष्मी सहायता ग्रुप की सरला, अंजू, सोनिया, उर्मिला, ऊषा और पुष्पा आदि ने डीएम के नाम एडीएम वित्त आलोक कुमार को सौंपे उक्त ज्ञापन में ग्रुप से जुड़ी स्वयं सहायता समूह के द्वारा गरीबों के हिस्से का राशन व अन्य सुविधाओं में घोटाला किए जाने का आरोप लगाते हुए समूह की आधा दर्जन महिलाओं ने डीएम दरबार में दस्तक देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। डीएम दफ्तर पहुंची महिलाओं ने आरोप लगाया कि मामले की शिकायत अधिकारियों से की, तो उन्होंने कोई कार्रवाई न करते हुए उल्टे उन्हें धमकाकर भगा दिया। उक्त महिलाओं ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें झूठे मामले में फंसाए जाने के आरोप लगाए हैं।

# फिर लंबित मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## -समस्या निदान न होने पर दी कामबंद हड़ताल की चेतावनी

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। पालिका की बेपटरी हुई व्यवस्था को सुधारने की शुरू कवायदों के बीच बदलाव ने टकराव के हालात पैदा कर दिए हैं। सफाई व्यवस्था की हकीकत से रूबरू होने की दिशा में डीएम द्वारा बनाई व्यवस्था को लेकर अब सफाई कर्मचारी संघ नाराज है और इस परिवर्तन को उत्पीड़न करार देते हुए संघ ने हड़ताल की चेतावनी दी है। इसके चलते सफाई कर्मचारियों ने संघ नेताओं के साथ टाउनहाल में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और 10 सूत्रीय मांगों को लेकर पालिका चेयरमैन व ईओ के नाम नोटिस सौंपते हुए 24 घंटे में मांग पूर्ण न होने पर हड़ताल और आंदोलन की चेतावनी दी है। नगरपालिका सफाई कर्मचारी संघ ने कर्मचारी हितों को लेकर संघ अध्यक्ष चमनलाल ढिंगान एवं महामंत्री अरविन्द मचल के नेतृत्व में पालिका प्रांगण में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए पालिका प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। संघ नेताओं ने 10 सूत्रीय मांग पत्र में सफाई नायकों को प्रतिदिन 100 रुपये वाहन भत्ता, सेवानिवृत्त कर्मियों के देयों का भुगतान, कर्मियों को हाथ रेहडे व सफाई उपकरण दिलाने, आउट सोर्सिंग सफाई कर्मियों के पीएफ कटौती का समाधान, 250 सफाई कर्मचारी समझौते के अनुसार वार्डो में रखे जाने, मृतक कर्मियों के एसीपी का भुगतान, आउट सोर्सिंग के सफाई कर्मियों के वेतन वृद्धि, सेवानिवृत्त स्थायी सफाईकर्मियों के स्थान पर उनके परिवार के एक सदस्य को आउट सोर्सिंग पर रखने व सफाई कर्मचारियों के साथ दुर्घटना की सम्भावना को देखते हुए एक फंड पालिका प्रशासन में बनाने की मांग की। संघ नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का पालिका प्रशासन द्वारा 24 घंटे के अन्दर निस्तारण नहीं किया गया, कर्मचारी संघ विवश होकर धरना प्रदर्शन, कूडा वाहन रोकने के साथ काम बन्द हडताल को बाध्य होगा। वैसे तो संघ नेताओं का आंदोलन मांग पत्र के अनुरूप कर्मचारियों की मांगों को लेकर है, लेकिन इसके पीछे का सच डीएम द्वारा सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए वार्डों में एक समान कर्मचारियों की संख्या किए जाने के आदेशों के अनुरूप किये गये तबादलों को लेकर नाराजगी का है। डीएम के आदेशों के बाद नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों के वार्डो में तबादले कर दिए हैं, जिसमें प्रत्येक वार्ड में 13-13 कर्मचारी तैनात किए हैं। इसी को लेकर सफाई कर्मचारी संघ के नेताओं में रोष है। इसी मुद्दे को लेकर संघ महामंत्री अरविन्द मचल की ईओ के साथ तीखी झड़प हुई। अरविन्द मचल का कहना है कि जनसंख्या के आधार पर ही बने मानक में एक वार्ड में कम से कम 28 कर्मचारियों की तैनाती होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में 2011 की जनसंख्या को आधार बनाकर पालिका प्रशासन काम कर रहा है, जबकि 10 वर्षो में आबादी बढ़ गई है। पालिका के पास करीब 650 सफाईकर्मी हैं, जबकि 1990 में 1200 सफाई कर्मचारी थे, तब आबादी काफी कम थी। उन्होंने कहा कि नगर में करीब 15 वार्ड जनसंख्या और क्षेत्रफल के हिसाब से बड़े हैं, वहां 13 कर्मचारियों से काम नहीं चलेगा, वहीं कुछ वार्ड छोटे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी डीएम से कोई नाराजगी नहीं है। व्यवस्था जनसंख्या के हिसाब से बननी चाहिए। सफाई कर्मचारियों का शोषण किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


## तेईसवीं पुण्यतिथि



**स्व. डा. सुरेश चंद जी**

निर्वाण–19.08.1998

हम मौन आँसुओं के साथ आपका भावपूर्ण स्मरण करते हैं। आपकी दी हुई प्रेरणा व आशीर्वाद ही भविष्य में हमारा मार्गदर्शन करेंगे।

आज आपकी तेईसवीं पुण्यतिथि पर हम सब अत्यधिक श्रद्धा व समर्पित भाव से श्रद्धाँजलि अर्पित करते हैं।

श्रीमती ऊषा अरोरा
श्रीमती सुधा अरोरा
डॉ. अरुण–सीमा अरोरा
अतुल–रेनू अरोरा
आलोक–पूनम अरोरा
श्रीमती बेला–मनमोहन अरोरा
अभिषेक–स्वाति अरोरा
डॉ. मयंक–लविका अरोरा
अंकित–ईशा अरोरा
डॉ. अम्बुज–डॉ. प्रियती अरोरा
अंकुर–हर्षिता अरोरा
आकाश–गीतिका अरोरा
आयुष अरोरा

**डा. सुरेश मैडिकल एवं डेण्टल क्लीनिक**
भगत सिंह रोड, मुजफ्फरनगर

**ESKAY REMEDIES**


## जनपद में 15439 लोगों को लगा कोरोना का टीका

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। जनपद में कोरोना के फिर से बढ़ते ग्राफ के बीच सुरक्षा चैन को तोड़ने की खातिर बुधवार को कुल 17856 लोगों को कोरोना का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा इस बीच ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में कुल 2417 लोगों ने अपना वैक्सीनेशन कराया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि बुधवार को जनपद में कुल 17856 लोगों का कोरोना टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में शुरू किए अभियान के बीच टीकाकरण केंद्रों पर कुल 15439 लोगों को टीकाकरण किया गया, जिनमें से 14277 लोगों को प्रथम डोज लगाई गई तथा 1162 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। उन्होंने बताया कि जनपद में ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में कुल 2417 लोगों ने अपना टीकाकरण कराया गया।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विकास शर्मा व पुत्रवधु श्रीमती कोमिन्ता उर्फ दिव्या मेरे व मेरे परिवार के कहने–सुनने में नहीं है। मैंने व मेरे परिवार ने इनसे अपने सम्बन्ध पूर्ण रूप से विच्छेद कर लिये हैं। यदि भविष्य में ये किसी से कोई लेन–देन या व्यवहार करते हैं, या कोई गैर कानूनी काम करते हैं, तो स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। मैं अपने पुत्र विकास शर्मा व पुत्रवधु श्रीमती कोमिन्ता उर्फ दिव्या को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ।

**जगरोशन शर्मा**
पुत्र स्व. श्री रामप्रसाद
761–रामपुरी, मुजफ्फरनगर

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र हिमांशु उर्फ मोहित मेरे कहने–सुनने में नहीं है और गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैंने अपने पुत्र हिमांशु उर्फ मोहित को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि भविष्य में हिमांशु उर्फ मोहित कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का लेन–देन करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**नरेश पुत्र सोमदत्त**
ग्राम : बहेड़ा आस्सा, थाना : सिखेडा, जिला : मुजफ्फरनगर

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र परवेज सैफी व उसकी पत्नी श्रीमती नाजिश मेरे व मेरे परिवार के कहने–सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने अपने पुत्र परवेज सैफी व उसकी पत्नी श्रीमती नाजिश को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि भविष्य में उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई लेन–देन या गैर कानूनी कार्य किया जायेगा, तो उसका मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**वरीसा**
पत्नी स्व. मौ. सईद
निवासी : 1438–दक्षिण खालापार, निकट मुगल गार्डन, तहसील व जिला : मुजफ्फरनगर


# तालिबान को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर प्रतिबंध जारी रखेंगे फेसबुक, टिकटॉक

कैलिफोर्निया, 18 अगस्त (वार्ता/स्पूतनिक)। सोशल मीडिया साइट फेसबुक और टिकटॉक ने कहा है कि अफगानिस्तान पर आतंकवादी संगठन तालिबान के कब्जे के बाद वे संगठन को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर प्रतिबंध नहीं हटाएंगे। सीएनबीसी ने सोशल मीडिया दिग्गजों के बयान के हवाले से यह जानकारी दी। चैनल ने फेसबुक के हवाले से कहा, ''तालिबान को अमेरिकी कानून के तहत एक आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है और हमने अपनी 'खतरनाक संगठन नीतियों' के तहत उन्हें अपनी सेवाओं से प्रतिबंधित कर दिया है।'' फेसबुक के प्रतिनिधि ने बताया कि तालिबान को फेसबुक ने कई वर्षों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है और संगठन की ओर से बनाये गये सभी अकाउंट को हटा दिया गया है। अफगानी नागरिकों की एक विशेष टीम फेसबुक के साथ काम कर रही है ताकि तालिबान का महिमामंडन करने वाले अकाउंट की पहचान की जा सके। टिकटॉक ने भी कहा कि उसने तालिबान को एक आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया है और वह संगठन को बढ़ावा देने वाली सामग्री को हटाना जारी रखेगा। गौरतलब है कि गत रविवार को तालिबान ने अफगानिस्तान पर पूरी तरह कब्जा कर लिया, जिसके बाद अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने इस्तीफे की घोषणा की ओर देश छोड़ दिया। श्री गनी ने कहा कि उन्होंने ह्रहसा को रोकने के लिए यह निर्णय लिया क्योंकि आतंकवादी राजधानी काबुल पर हमला करने के लिए तैयार थे। तालिबान के कब्जे के बाद कई लोग आतंकवादियों से प्रतिशोध के डर से देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे हैं।


**Shri Girdhari Lal Jain Memorial Public School**
73-Prempuri, Near Idgah, Muzaffarnagar (M. 9012205377)

**(An Anglo-Indian School)**

**VACANCY FOR TEACHERS**

Require Experienced Female Teachers
for teaching Hindi, English, G.Sc.
Maths and Dance to classes I to VIII.
Teachers for Nursery/K.G. classes may also apply.

**Handsome Salary & Allowances for deserving candidates**

Walk-in with self-written application between 9 AM to 12 Noon

## विज्ञप्ति

सर्व ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि जनपद मुजफ्फरनगर के थाना पुरकाजी पर धारा 207 एम.वी. एक्ट में दाखिल 59 दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की नीलामी दिनांक 23.08.2021 को समय 11 बजे प्रातः थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर में किया जाना प्रस्तावित हैं। इच्छुक ठेकेदार दिनांक 23.08.2021 को थाना पुरकाजी में समय 10 बजे थाना पुरकाजी पर दाखिल उपरोक्त वाहनों की नीलामी में रु. 50000/- अरनेस्टमनी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इच्छुक ठेकेदारों को अन्य कोई जानकारी प्राप्त करनी हो, तो थाना पुरकाजी पर आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक ठेकेदार आधार कार्ड/वोटरआईडी/पैनकार्ड साथ लेकर आयेंगे। जिस ठेकेदार की बोली सबसे अधिक धनराशि की होगी, नीलामी उसी ठेकेदार के नाम छोड़ी जायेगी। उस ठेकेदार को उसी दिन बोली की अधिकतम धनराशि का 25% धनराशि जमानत के तौर पर जमा करनी होगी। छोड़ी गयी बोली पर 18% जीएसटी अलग से जमा करनी होगी।

प्रभारी निरीक्षक – थाना पुरकाजी
मोबाइल नं0 – 9454404080

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद – मुजफ्फरनगर


## पूर्व अफगानी राष्ट्रपति अशरफ गनी यूएई में

काबुल, 18 अगस्त (वार्ता) अफगानिस्तान की राजधानी काबुल से रविवार को पलायन करने वाले राष्ट्रपति अशरफ गनी का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्वागत किया गया है। रिपोर्टों के मुताबिक यूएई के विदेश मंत्रालय ने इस आशय की जानकारी दी है। कई समाचार साइटों ने कहा कि श्री गनी सबसे पहले ताजिकिस्तान गए थे, जहां उन्हें कथित तौर पर उतरने की अनुमति नहीं दी गयी और फिर ओमान चले गए लेकिन उन्हें आखिरकार संयुक्त अरब अमीरात में आश्रय दिया गया है। श्री गनी और उनका परिवार खाड़ी देश में है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि 'मानवीय आधार' पर उनका वहां स्वागत किया गया है।

# योगी सरकार ने पेश किया 7301 करोड़ रूपये का अनुपूरक बजट

लखनऊ, 18 अगस्त (वार्ता)। उत्तर प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये 7301.52 करोड़ रूपये का पहला अनुपूरक बजट विधानसभा के पटल पर रखा। सूबे के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को अनुपूरक अनुदान के प्रस्तावों को सदन के पटल पर रखते हुये कहा कि सरकार ने 2021-22 के लिये करीब पांच लाख 60 हजार करोड़ रूपये बजट पिछली फरवरी में पेश किया था। अनुपूरक बजट इसका 1.33 फीसदी है, जिसका उपयोग जल्द पूरा की जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं और अधूरी पड़ी परियोजना को पूरा करने के लिये किया जायेगा। उन्होने कहा कि अनुपूरक बजट की कुल धनराशि का करीब तीन हजार करोड़ रूपये की व्यवस्था युवाओं के लिये रोजगार उपलब्ध कराने के लिये की गयी है, जबकि शेष धनराशि से अंबेडकर स्मारक का निर्माण, सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण,गोवंश का रखरखाव, गन्ना किसानों का भुगतान और अधिवक्ताओं के लिए सामाजिक सुरक्षा निधि और मूलभूत ढांचे के रखरखाव और निर्माण समेत अन्य कार्यों को पूरा करने के लिये किया जायेगा। श्री खन्ना ने कहा कि पिछले साढ़े चार साल में उनकी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के कई रिकार्ड स्थापित किये है, जबकि कई पुराने कीर्तिमानों को ध्वस्त कर नये आयाम स्थापित किये है। अनुपूरक बजट को पेश करने से पहले नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने महंगाई पर चर्चा कराने की मांग विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित से की, जिस पर श्री दीक्षित ने नेता प्रतिपक्ष को नियम 115 को पढ़ने की सलाह दी, जिसके अनुसार विषयों का क्रम बदलने की अनुमति देने का प्रावधान नहीं है। इससे पहले सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू होते ही विपक्षी दलों ने महंगाई पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। नेता प्रतिपक्ष रामगोविद चौधरी ने कहा कि पेट्रोल डीजल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। लोगों को खाने के लाले पड़े हैं। इसलिये सदन में सबसे पहले महंगाई पर चर्चा होनी चाहिए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विपक्ष जानबूझ कर सदन की कार्यवाही में बाधा डालना चाहता है। उन्होने कहा कि कोरोना के कठिन समय के दौरान सरकार गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न का वितरण कर रही है। पेट्रोल और डीजल के कीमते देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम हैं। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्षी दलों के सदस्यों को समझाने की कोशिश की और नहीं मानने पर सदन की कार्यवाही 40 मिनट के लिए स्थगित कर दी। 1220 बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर वित्त मंत्री ने अनुपूरक अनुदानों को पेश किया।

# एटूजेड प्लांट बन्द पाए जाने पर अधिकारियों को फटकार

## ❑चेयरमैन-एडीएम की बैठक में पालिका की बैठक संपन्न
## ❑जिला अस्पताल में दो वर्षो से चालू नहीं हो पाया कॉम्पेक्टर

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। नगरपालिका परिषद् में सफाई व्यवस्था को लेकर डीएम काफी सजग दिखाई दे रहे हैं, ऐसे हालातों में एडीएम प्रशासन अमित सिंह के नोडल अधिकारी बनने के साथ ही शहर में पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था व पथ प्रकाश पर विशेष जोर दिया है। इसके साथ ही कूड़ा निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता पर है। इन्हीं व्यवस्थाओं का सच जानने के लिए जब नोडल अधिकारी नगर में निकले तो उन्हें सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट बन्द मिला। ऐसे में करीब एक करोड़ रुपये खर्च कर शुरू कराया प्लांट का यूं बंद होना पालिका अधिकारियों की लापरवाही का बड़ा कारण है। इसे लेकर नोडल अधिकारी ने चेयरमैन-ईओ के साथ बैठक कर कूड़ा निस्तारण के साथ अन्य मुद्दों पर कार्य योजना बनाने पर चर्चा की गयी। बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर कड़ी नाराजगी प्रकट की।

चेयरमैन अंजू अग्रवाल की अध्यक्षता में एडीएम प्रशासन अमित सिंह की मौजूदगी में संपन्न पालिका की बैठक में नगरीय क्षेत्र के कूड़ा निस्तारण की स्थिति पर पालिका अधिकारियों के साथ कार्य योजना पर मंथन किया गया। एडीएम प्रशासन ने टाउनहाल पहुंचकर चेयरमैन कक्ष में बैठक ली, जिसमें चेयरमैन अंजू अग्रवाल के अलावा ईओ हेमराज सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एडीएम प्रशासन के निर्देश पर ईओ और नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने एटूजेड सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का बैठक में आने से पूर्व निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में प्लांट बन्द पाया गया। प्लांट पर जलभराव होने के कारण कूड़ा निस्तारण कार्य वहां पर नहीं हो पा रहा था। पानी निकालने के लिए एडीएम ने वहां पर पम्प लगवाने के निर्देश देते हुए हर हाल में प्लांट को चालू कराने के निर्देश दिए। ईओ ने मशीनरी वार्ड का फाउंडेशन गहराई में होने के कारण समस्या उत्पन्न होने की बात कही। बैठक में चेयरमैन ने नाराजगी जताई की पालिका अधिकारियों की लापरवाही के कारण प्लांट बन्द है। बारिश और पानी का केवल बहाना है, जबकि ऐग्रीमेंट में कूड़ा निस्तारण के लिए ठेकेदार फर्म को भुगतान नहीं किये जाने के कारण यह बन्द हुआ है। उन्होंने बताया कि करीब 1 करोड़ रुपये खर्च कर प्लांट को फिर से चालू करवाया गया था, लेकिन अब भी अधिकारी काम करना नहीं चाहते हैं। वहीं उन्होंने करीब दो साल पूर्व जिला अस्पताल गेट पर कॉम्पेक्टर लगवाये गये थे, लेकिन आज तक अधिकारी इसे चालू नहीं करा पाये। यह योजना सफल होती तो कूड़ा निस्तारण की स्थिति बेहतर होती। इसके साथ ही शहर के कूड़ा डलावघरों से निकलने वाले कूड़े को लेकर भी एडीएम प्रशासन ने स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार से जानकारी मांगी तो वह यह नहीं बता पाये कि कितना कूड़ा रोज निकल रहा है और कितने बड़े कूड़ा डलावघर है। इसको लेकर एडीएम व चेयरमैन ने नाराजगी व्यक्त की और चेतावनी दी गई कि वह पूरा होमवर्क रखें और कामकाज पर ध्यान दिया जाये। बैठक में मुख्य रूप से ईओ हेमराज सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, जलकल अभियंता शरद गुप्ता, एई निर्माण सुनील कुमार, स्टेनो गोपाल त्यागी व अन्य पालिका के संबंधित लिपिक मौजूद रहे।



नगर के डीएवी कॉलेज में पीजीटी परीक्षा देकर लौटती अभ्यर्थियों की भीड़। फोटो बुलेटिन

## जनपद के 16 अफसरों को सौंपा मॉनिटिरिंग का जिम्मा

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। पालिका की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को सुधारने की दिशा में शुरू प्रयासों के बीच कूड़ा निस्तारण की मॉनिटिरिंग के लिए 16 अफसरों को लगाया गया है। नगरीय क्षेत्र को 4 जोन में बांटते हुए पालिका के 50 वार्डो में अब जोन एक के वार्ड 37, 17, 23 व 21 में बीएसए मायाराम, वार्ड 22, 35 व 49 में समाज कल्याण अधिकारी राम प्रजापति, वार्ड 50, 47 व 48 में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शिवेन्द्र कुमार, वार्ड 6, 40 व 46 में जेई पीडब्ल्यूडी टीपी चौरसिया, वार्ड 20, 12 व 10 में एई एमडीए सुनील गुप्ता, वार्ड 25, 11 व 24 में एई एमडीए हरिशंकर गौतम, वार्ड 32, 34 व 19 में जेई एमडीए राजीव कोहली, वार्ड 27, 02 व 43 में जेई एमडीए जयकरण सिंह, वार्ड 41, 7, 38 व 4 में जेई पीडब्ल्यूडी प्रबल प्रताप सिंह, वार्ड 3, 9 व 29 में जेई पीडब्ल्यूडी आरके नौटियाल, वार्ड 1ए 18, 42 व 33 में जेई एमडीए विनय कुमार गर्ग, वार्ड 5, 8 व 13 में जेई एमडीए अवनीश गर्ग, वार्ड 45, 39 व 28 में एई पीडब्ल्यूडी एसके पोशवाल, वार्ड 36, 14 व 16 में सहायक आयुक्त उद्योग बनवारी लाल, वार्ड 15, 30 व 44 में कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र कुमार तथा सबसे छोटे जोन वार्ड 26 व 31 में जेई डीडी ऑफिस राधेश्याम को कूड़ा निस्तारण की ड्यूटी पर मॉनिटिरिंग करने के लिए लगाया है।

# कूड़ा डलावघरों पर अफसरों के साथ रहेगी तीसरी आँख की निगरानी

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। नगर क्षेत्र में बेपटरी हुई सफाई व्यवस्था को सुधारने की खातिर कूड़ा उठान का समय तय होने के साथ वार्डो से आए कूड़े को डलावघरों पर अफसरों के साथ तीसरी आंख की निगरानी से गुजरना होगा। सफाई व्यवस्था की वहीं मॉनिटरिंग के लिए 16 अफसरों को लगने के साथ शहर के उक्त 40 कूड़ा डलावघरों की ऑनलाइन निगरानी के लिए भी सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए पालिका आठ लाख रुपये खर्च करेगी। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक डलावघरों से कूड़ा उठाना पड़ेगा, अन्यथा की स्थिति में कूड़े का निस्तारण नहीं होने पर जवाबदेही होगी। बुधवार को नगरपालिका परिषद में चेयरमैन अंजू अग्रवाल के कार्यालय में संपन्न बैठक में नगर में कूड़ा उठाने की समस्या का मुद्दा छाया रहा। कहीं पूरे दिन कूड़ा नहीं उठता, वहीं बाजार में बने डलावघरों से कूड़ा उठाने में जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर विकास मंत्री के दौरे के बाद सफाई व्यवस्था पर जताए गए असंतोष के बाद डीएम चन्द्र भूषण सिंह के निर्देश पर नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने कार्ययोजना बनाई है। ऐसे में सुबह 11 बजे से पहले नगर के सभी 40 कूड़ा डलावघरों से कूड़ा उठाया जायेगा। पालिका की 4 जेसीबी मशीन चारों रूटों पर काम करेंगी। कूड़ा निस्तारण में कोई लापरवाही न हो इसको रोकने के लिए डीएम ने शहर के 50 वार्डो को 16 जोन में बांटते हुए अधिकारियों को तैनात किया है। एक अधिकारी को तीन वार्डो और डलावघरों की जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही डलावघरों की ऑनलाइन निगरानी की खातिर अब सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी की गई है। इन कैमरों को कलेक्ट्रेट और पालिका कंट्रोल रूम से जोड़ने के साथ पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल के कैम्प कार्यालय से भी जोड़ा जाएगा। एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने बताया कि कूड़ा डलावघरों के आसपास के निवास करने वाले लोगों के मोबाइल नम्बर लेकर उनसे कूड़ा उठान का फीडबैक लेने की योजना है, जिसके लिए कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के लिए पालिका द्वारा 8 लाख रुपये का बजट खर्च किए जाने की योजना है, ताकि कूड़ा डलावघरों की निगरानी के साथ ही बेपटरी हुई व्यवस्था को फिर से सुधारा जा सके। बैठक में मुख्य रूप से ईओ हेमराज सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार, जलकल विभाग के जेई शरद गुप्ता, स्टेनो अध्यक्ष गोपाल त्यागी, अशोक ढिंगरा, तनवीर आलम, मनोज बालियान आदि मौजूद रहे।

# प्रवक्ता संवर्ग परीक्षा में 598 अभ्यर्थियों ने छोड़ दिया मैदान

## ❑जिले में चार परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में 2616 ने दी परीक्षा

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज वर्ष-2021 की प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर बुधवार को दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न हुई। परीक्षा को निर्विघ्न व नकलविहीन संपन्न कराने को जिला प्रशासन द्वारा सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को तैनात किया था। इस बीच जिले में दूसरे दिन भी दोनों पालियों में पंजीकृत 3,313 अभ्यर्थियों में से मात्र 2,747 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए व 566 अभ्यर्थियों ने विभिन्न कारणों से उक्त परीक्षा छोड़ दी।

बुधवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज वर्ष-2021 की प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा जिले के 4 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में दो पालियों में संपन्न हुई। जनपद के 4 केंद्रों पर पहली पाली के दूसरे दिन परीक्षा सुबह साढ़े नौ से दोपहर साढ़े 11 बजे तक चली। इस बीच में राजकीय इंटर कॉलेज में 552 अभ्यर्थियों में से 458, एसडी इंटर कॉलेज में 61 अभ्यर्थियों में से 54 एवं डीएवी इंटर कॉलेज के ब्लॉक ए में 528 में से 419 और ब्लॉक बी में 528 में से 433 यानि कुल 1669 अभ्यर्थियों ने से 1364 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 305 ने परीक्षा से किनारा कर दिया। वहीं दूसरी पाली की दोपहर ढ़ाई बजे से सायं साढ़े 4 बजे तक संचालित उक्त परीक्षा में राजकीय इंटर कॉलेज में कुल पंजीकृत 552 पात्रों में से 461 परीक्षा में शामिल हुए, वहीं 91 अभ्यर्थियों ने परीक्षा को विभिन्न कारणों से छोड़ दी। वहीं डीएवी इंटर कॉलेज के ब्लॉक ए में कुल पंजीकृत 528 अभ्यर्थियों में से 453 ने जहां परीक्षा दी, वहीं 75 ने परीक्षा को छोड़ दिया। इसके साथ ही डीएवी इंटर कॉलेज के बी ब्लॉक में 528 में से 438 ने परीक्षा दी और 90 परीक्षार्थियों ने परीक्षा को छोड़ दिया। जनपद में दोनों पालियों में संपन्न परीक्षा में कुल 566 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरे दिन संपन्न हुई परीक्षा में कुल 3313 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 2747 अभ्यर्थियों ने उक्त परीक्षा दी, वहीं इस बीच 566 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जनपद में प्रवक्ता संवर्ग की परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ ही जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्रों का भ्रमण करते रहे। सभी केंद्रों पर परीक्षा सुचारू रूप से चलती रही। केंद्रों पर अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने से 1 घंटा पहले पहुंच गए। इस बीच कोरोना प्रोटोकाल का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। सभी के लिए मास्क व शारीरिक दूरी की अनिवार्यता रही।

# अगले तीन दिनों में दिल्ली समेत इन राज्यों में होगी झमाझम बारिश

नई दिल्ली, 18 अगस्त (नेट)। दक्षिण पश्चिम मानसून करीब दो हफ्ते के बाद 19 अगस्त से फिर से उत्तर भारत में सक्रिय होगा, यह जानकारी बुधवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दी। आईएमडी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के अलग-अलग स्थानों पर 19 से 21 अगस्त तक भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। उसने कहा कि हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश में 20-21 अगस्त को बारिश होने का अनुमान है। बिहार के कुछ स्थानों पर 20-22 अगस्त को भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कहा कि गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल के गंगा वाले क्षेत्रों में 18 और 19 अगस्त को, मध्यप्रदेश में 18 से 20 अगस्त को, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में 18 अगस्त को बारिश हो सकती है। इसने कहा कि पूर्वोत्तर भारत और हिमालय के पश्चिम बंगाल, सिक्किम में अगले दो दिनों तक बारिश होने की संभावना है, इसके साथ ही भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर पश्चिम भारत में मानसून के फिर से दस्तक देने के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को मध्यम बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। ऐसी संभावना है कि बारिश की वजह से तीन-चार दिनों में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ जाएगा। दिल्ली में इस महीने में सामान्य 157.1 मिमी बारिश की तुलना में महज 63.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, क्योंकि दिल्ली और उत्तर पश्चिम भारत के इसके आसपास के इलाके दूसरी बार 10 अगस्त को 'मानसून क्रम टूटने' के चरण में प्रवेश कर गए थे। आईएमडी ने अब उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में मानसून के फिर से दस्तक देने के साथ 19 अगस्त से 23 अगस्त के बीच मध्यम तथा कहीं-कहीं भारी बारिश का अनुमान लगाया है.मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि इस महीने के अंतिम 10 दिन में 'अच्छी बारिश' होने की संभावना है और इससे राजधानी में जो बारिश की जो कमी हुई है, वह पूरी हो जाएगी। सामान्य तौर पर दिल्ली में अगस्त के महीने में 247.7 मिमी बारिश होती है। आईएमडी ने इस महीने दिल्ली में सामान्य बारिश का अनुमान लगाया था, जब मानसून हिमालय की तलहटी के करीब पहुंच जाता है, तो देश के अधिकतर इलाकों में बारिश में गिरावट होती है। इस दौरान हिमालय के तलहटी के इलाकों, पूर्वोत्तर भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप के हिस्सों में बारिश बढ़ जाती है।

## पति ने पत्नि, पत्नि ने पति को किया अधमरा

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। आज दो अलग-अलग मामलों में एक पत्नी अपने पति को बुरी तरह पीटने के बाद घायल अवस्था में स्वयं ही जिला अस्पताल लेकर पहुंच गई, जबकि दूसरे मामले में पति अपनी पत्नी को बुरी तरह घायल कर उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। अस्पताल प्रशासन ने दोनों मामलों की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला केशवपुरी निवासी पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच हुई मारपीट में युवक की पत्नी ने उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उसकी पत्नी उपचार के लिये लेकर जिला अस्पताल पहुंची। इसके अलावा सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला त्यागी कॉलोनी में एक पति ने अपनी पत्नी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और स्वयं ही उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंच गया। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

# एनडीए में महिलाओ की भर्ती ऐतिहासिक फैसला

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता)। सशस्त्र सेनाओं में स्थायी कमीशन के बाद अब उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, एनडीए की परीक्षा में महिलाओं की उम्मीदवारी का मार्ग प्रशस्त करने संबंधी फैसला दिया है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि इस निर्णय को अमली जामा पहनाने में वास्तव में कितना समय लगेगा। इससे पहले खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से ऐलान किया था कि देश की बेटियों के लिए सभी सैनिक स्कूलों के दरवाजे खोले जा रहे हैं और वे भी सैनिक स्कूलों में पढ सकेंगी। उच्चतम न्यायालय ने एनडीए परीक्षा में महिलाओं की उम्मीदवारी से संबंधित एक रिट याचिका की सुनवाई के दौरान बुधवार को अंतरिम आदेश में कहा कि महिलाएं भी इस परीक्षा में बैठ सकती हैं लेकिन अकादमी में उनका प्रवेश न्यायालय के अंतिम फैसले पर निर्भर करेगा। न्यायालय ने सरकार से कहा है कि वह आगामी पांच सितम्बर को होने वाली इस परीक्षा के लिए जारी अधिसूचना को संशोधन के साथ प्रकाशित करें। हालांकि अभी रक्षा मंत्रालय तथा तीनों सेनाओं की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है लेकिन जानकारों का कहना है कि यह एक ऐतिहासिक फैसला है पर इसे जमीन पर उतारने में कुछ समय लगेगा। एक तो अब इस परीक्षा के लिए विज्ञापन में सुधार किया जायेगा। इसके अलावा सरकार को विज्ञापन से पहले महिला उम्मीदवारों के लिए विभिन्न मानदंड भी तय करने होंगे। उनकी परीक्षा से संबंधित अन्य ढांचागत जरूरतों को भी पूरा किया जायेगा।

सशस्त्र सेनाओं में महिला अधिकारियों की संख्या निरंतर बढ रही है और सेनाएं इसके लिए धीरे धीरे तैयार भी हो रही है लेकिन जानकारों का कहना है कि एनडीए का दरवाजा एकदम से महिलाओं के लिए खोलना इतना आसान नहीं होगा। इसके लिए सभी स्तर पर सुविधाओं और ढांचागत जरूरतों को पूरा करने में कुछ समय लगेगा। रक्षा मंत्रालय ने गत फरवरी में राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया था कि देश में तीनों सेनाओं में 9118 महिला अधिकारी हैं। इसके अलावा 1500 से अधिक महिलाओं को सेना पुलिस में भर्ती करने की मंजूरी दी गयी है। प्रतिशत के हिसाब से नौसेना में सबसे अधिक साढे छह प्रतिशत महिला अधिकारी हैं। सेना में पुरूषों की संख्या 12 लाख से अधिक है जबकि महिलाओं की संख्या 6807 है जो केवल 0.56 प्रतिशत है। वायु सेना में करीब डेढ लाख पुरूषों की तुलना में 1607 महिलाएं हैं जो एक प्रतिशत से थोडा अधिक है। जज एडवोकेट जनरल और एज्युकेशन कोर में पहले से ही स्थायी कमीशन का प्रावधान था और बाद में सरकार ने उन सभी कोर तथा सेवाओं में स्थायी कमीशन देने की घोषणा की जिनके लिए उन्हें योग्य पाया जायेगा। इससे पहले न्यायालय ने शार्ट सर्विस कमीशन से सेनाओं में अधिकारी बनने वाली महिलाओं को स्थायी कमीशन देने का ऐतिहासिक निर्णय दिया था। इसके बाद सेना में करीब 450 महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन दिया गया था। अब सैनिक स्कूलों के दरवाजे लड़कियों के लिए खोलने की घोषणा के बाद सशस्त्र सेनाओं में महिला अधिकारियों की भर्ती में तेजी आने की पूरी-पूरी संभावना है।

## डेढ साल बाद सुप्रीम कोर्ट में फिर होगी चहल-पहल?

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता) कोरोना संक्रमण की पहली लहर के बाद उच्चतम न्यायालय में एक बार फिर चहल पहल हो सकती है, क्योंकि पिछले वर्ष मार्च बंद हुई फिजिकल सुनवाई जल्द ही शुरू हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन ने बुधवार को दूरसंचार शुल्क से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान यह संकेत दिया। न्यायमूर्ति रमन ने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, ''हम हफ्ते-दस दिन में फिजिकल सुनवाई शुरू कर सकते हैं।'' उनकी यह टिप्पणी उस वक्त आई, जब मामले की वीडियो कांफ्रेंसिंग से सुनवाई के दौरान कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों से आग्रह किया कि वे सुनवाई के दौरान गुणवत्तापूर्ण वाई-फाई यंत्र का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा, ''संभव है, आपकी (वकीलों की) महत्वपूर्ण दलीलें हम न सुन पायें। फिर भी थोड़ा और इंतजार कर लीजिए। हम एक सप्ताह या 10 दिन के बाद फिजिकल सुनवाई शुरू कर सकते हैं।''




## कोई भी नहीं पहुंचा सुभाष चन्द्र बोस के स्मृति दिवस पर पुष्प अर्पित करने

मुजफ्फरनगर, १८ अगस्त (बु.)। १५ अगस्त स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाने के बाद मुजफ्फरनगर जनपद के नेता एवं स्वयं नगरपालिका यह भूल गई कि आज सुभाष चन्द्र बोस की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें पुष्प भी अर्पित करने थे। कोई भी नेता या यूं कहिये कि कोई भी देशभक्त सुभाष चन्द्र बोस की नगरपालिका प्रांगण में स्थित प्रतिमा पर फूल मालाएं चढ़ाने तक नहीं पहुंचा। अब इसका अंदाजा किसी को नहीं है कि क्या कारण रहे, जो सुभाष चन्द्र बोस की पुण्यतिथि मनाना नगरपालिका के पदाधिकारी स्वयं व जनपद के सारे नेता एवं सामाजिक संगठन भूल गये।

## जिले में मिला नया कोरोना पॉजिटिव, एक्टिव केस हुए चार

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। बीते कई दिनों से कोरोना केसों के थमे क्रम में बुधवार को फिर से सक्रियता बढ़ गई है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी कोरोना संक्रमण के आंकड़ों में एक कोरोना मरीज के आने की पुष्टि हुई है। उधर, बीते दो दिनों तक वैक्सीन की कमी से जूझ रहे जिले में वैक्सीन की खेप पहुंचते ही टीकाकरण अभियान में तेजी आयी है। सीएमओ एमएस फौजदार ने बताया कि जिले में बुधवार को कोरोना का फिर से नया संक्रमित मिला है, जबकि इस बीच जिले में कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई गई। बुधवार को जनपद में आरटीपीसीआर से कुल 1152 लोगों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें तमाम लोगों को स्वस्थ पाया गया और इन तमाम लोगों की जांच रिपोर्ट निगेटिव मिली। वहीं रैपिड एंटीजन टेस्ट या अन्य जनपद से कोरोना का कोई मरीज नहीं मिला। बुधवार को जनपद में प्राइवेट लैब से प्राप्त जांच रिपोर्ट में एक व्यक्ति में कोरोना संक्रमण की पुष्टि का स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है, जबकि जिले में अब तक 269 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोरोना लहर के बीच अब तक जिले में कुल 30,648 संक्रमित मरीज मिल चुके हैं, जिसमें से 30,375 मरीजों को ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया। अब जनपद में चार एक्टिव केस शेष रह गए हैं, जिनका स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की निगरानी में इलाज चल रहा है।

# चोरी की बुलेरो सहित दबोचा शातिर बदमाश

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस ने शामली रोड पर हुई कथित मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को सहारनपुर से चोरी की गई बुलेरो पिकअप व तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली पर तैनात उपनिरीक्षक आदित्य भाटी व विदेश कुमार देर रात क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। गश्त के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि कुछ बदमाश चोरी की बुलेरो पिकअप लेकर शामली रोड की ओर आ रहे हैं। पुलिस द्वारा नाकेबंदी कर बताई गई बुलेरो को रुकने का इशारा करने पर बुलेरो सवार बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को तमंचा और कारतूस के साथ दबोच लिया, जबकि अन्य मौके से फरार हो गए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को अपना नाम सगीर उर्फ भूरा पुत्र शरीफ निवासी कैराना बताया। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने बरामद बुलेरो 20 दिन पूर्व सहारनपुर से चोरी की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है।

## प्रेग्नेंट होने पर प्रेमी पर छोड़ने का आरोप

शामली, १८ अगस्त (बु.)। चार साल से प्रेमी के साथ रिलेशन में रह रही एक युवती ने प्रेगनेंट होने पर प्रेमी द्वारा छोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। मेरठ के ग्राम रोहटा निवासी रीना चौधरी सेक्टर ५० नोएडा में जॉब करती है, रीना चौधरी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा कि पिछले चार सालों से गांव टिटौली निवासी शुभम के साथ रिलेशन में थी, जिसमें उसके साथ शुभम ने कई बार शारीरिक संबंध भी बनाये हैं और जब उसको प्रेगनेन्ट होने की बात बतायी, तो उसने उससे नाते तोड़ दिये और शादी करने से साफ इंकार कर दिया। उसका आरोप है कि शुभम लखनऊ में कोचिंग की तैयारी करता था। वह शुभम से ग्राम पीनना के एक शादी कार्यक्रम में ली थी, जहां पर उनको आपस में प्यार हो गया था और वो दोनों तभी से रिलेशन में आ गये थे। शुभम ने उसे शादी के कई सपने दिखाये। युवती ने कहा कि शुभम ने ग्राम के अपने मित्रों के साथ एक खेल रचा, जिसमें वह उसका नम्बर अपने दोस्तों को देता, कहलवाता कि एक रात का कितना लोगी और एक फोन नहीं, बल्कि कई नम्बरों से ऐसे फोन आये, जिससे वह मानसिक तनाव में जी रही है। उसने एसपी से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## नगर पालिका/नगर पंचायत के लापरवाह अधिकारियों पर करेंगे कार्यवाही : डीएम

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। जिलाधिकारी चन्द्र भूषण सिंह ने अपने कैम्प कार्यालय में नगरपालिका/नगर पंचायत की बैठक सम्पन्न करते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति एवं जल की स्वच्छता, जल की लिकेज की रोकथाम एवं करो की वसूली आदि के कार्यो पर विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि उपरोक्त अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने जोन में सफाई नायकों/सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था एवं निर्माण कार्यो का निरन्तर निरीक्षण करेंगे तथा जोन में उत्पन्न जनसामान्य की समस्याओं का भी निराकरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और सफाई व्यवस्था के प्रति वह अत्यन्त गम्भीर हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों, गलियों, सार्वजनिक स्थानों, पार्को एवं खुले स्थानों पर सफाई, नाले और नालियों की सफाई और कूड़े तथा मलबे का निस्तारण नालियों से जलप्रवाह बाधित न हो, अविलम्ब मरम्मत कराना, मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आवश्यक दवाओं का छिड़काव, साथ ही नालियों एवं सीवर लाईन की सफाई, चूने एवं कीटनाशकों तथा एण्टी लार्वा के छिड़काव तथा फोगिंग की व्यवस्था एवं अपशिष्ट प्रबन्धन की कार्यवाही अपने निर्देशन में सुनिश्चित करायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जो शिकायतें कार्यालयों में आती हैं, उन पर विशेष ध्यान देकर पूर्ण रूप से निस्तारण किया जाये। अगर किसी नगर पंचायत/नगर पालिका की मेरे पास शिकायत आती है, तो हम सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि सभी दुकानदारों को सूचित कर दिया जाये कि दुकान के बाहर डस्टबिन अवश्य रखें, उसी में कूड़ा डाले। बैठक में एडीएम (वित्त) अमित सिंह एवं नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह, उप जिलाधिकारी सदर दीपक कुमार, एसडीएम जयेन्द्र सिंह जानसठ सहित सभी ईओ उपस्थित थे।

## मुठभेड़ में इनामी दबोचा

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। कई जनपदों में आपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुके शातिर बदमाश को शहर कोतवाली पुलिस ने कथित मुठभेड़ में तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली पुलिस ने एटूजेड चौराहे पर एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी लेनी चाही, तो उक्त युवक पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए मौके से भागने लगा। पुलिस ने जवाबी फायरिंग और घेराबंदी करते हुए दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी रहमतनगर निवासी राजू उर्फगुफरान पुत्र अहसान है। आरोपी के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में मुकदमे दर्ज हैं। बाराबंकी में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में आरोपी फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है।

## एनडीए में महिलाओं के प्रवेश का रास्ता साफ

नयी दिल्ली, 18 अगस्त (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की प्रवेश परीक्षा का रास्ता महिलाओं के लिए बुधवार को साफ कर दिया। शीर्ष अदालत ने एनडीए की प्रवेश परीक्षाओं में महिलाओं के भाग लेने के लिए अंतरिम आदेश जारी किया। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की खंडपीठ कुश कालरा की रिट याचिका की सुनवाई करते हुए अंतरिम आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता ने एनडीए परीक्षा में शामिल होने के लिए महिला उम्मीदवारों को अनुमति देने के निर्देश की शीर्ष अदालत से मांग की थी। न्यायालय ने संघ लोक सेवा आयोग को भी इस बाबत जारी अधिसूचना को संशोधन के साथ प्रकाशित करने को कहा।

## तीन को जेल भेजा

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस ने अदालत द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सुजडू खेड़ापट्टी निवासी शहजाद के विरुद्ध रेप के मामले में मुकदमा अदालत में विचाराधीन है। अदालत में तारीख पर ना जाने पर अदालत ने उसके गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे, जिस पर आज पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक अन्य मामले में गैंगस्टर के मामले में अदालत द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट पर पुलिस ने खादरवाला निवासी तनवीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, इसके अलावा डकैती के मामले में जारी गिरफ्तारी वारंट पर पुलिस ने कस्सावान निवासी सलीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## 18 अक्टूबर को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आएंगे बुढ़ाना में

बुढ़ाना, 18 अगस्त (बु.)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आगामी 18 अक्टूबर को बुढ़ाना आयेंगे। यह जानकारी आज बुधवार के दिन इस संवाददाता को दूरभाष पर लखनऊ से सपा युवा नेता सेम फारूक सैफी ने दी है। उन्होंने बताया कि वे आज बुढ़ाना के एमबीबीएस चिकित्सक डॉक्टर सोनू कश्यप के पिता नानू कश्यप के साथ उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिले। जिन्होंने उनको बताया कि वे आगामी 18 अक्टूबर को बुढ़ाना कस्बे के डीएवी इंटर कॉलेज में आ रहे हैं। इसके लिए सभी तैयारियां करें। इस दौरान अखिलेश यादव से उन्होंने मुलाकात की, तो अखिलेश यादव ने उनको आशीर्वाद देते हुए कहा कि मैं आगामी 18 अक्टूबर सन 2021 को दो महीने बाद बुढ़ाना में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सुधाकर सिंह कश्यप द्वारा आयोजित सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह कश्यप, मुकेश कश्यप, नानू कश्यप और प्रमोद कश्यप आदि सपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## बैंकों को लॉकर रूम की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

मुंबई 18 अगस्त (वार्ता) भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्राहकों के सामानों तथा दस्तावेजों को और सुरक्षित करने के उद्देश्य से आज बैंकों को अपने लॉकर रूम की सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिये। आरबीआई ने बैंकों की ओर से दी जाने लॉकर सुविधा को लेकर बुधवार को जारी संशोधित दिशा-निर्देश में कहा कि बैंकों को किसी आपराधिक घटना से बचाव के लिए शाखा के जिस कमरे में लॉकर रखे जाते हैं वहां की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। उसने कहा कि बैंक लॉकर रूम में आने और जाने के लिए केवल एक प्रवेश द्वार रखे। लॉकर रूम को वर्षा और बाढ़ से सुरक्षित रखने और आग के जोखिम को भी कम करने का उपाय करें।

## संकट में घिरी गरीब जनता का दिल दुखवाने वाला है अनुपूरक बजट : मायावती

लखनऊ, 18 अगस्त (वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में पेश अनुपूरक बजट संकट में घिरी गरीब और मेहनतकश जनता की उम्मीदों पर पानी फेरने और दिल दुखाने वाला है। सुश्री मायावती ने ट्वीट किया '' यूपी विधानसभा में आज पेश अनुपूरक बजट राज्य की विभिन्न संकटों में घिरी गरीब व मेहनतकश जनता के लिए उम्मीदों का कम व दिल दुखाने वाला ज्यादा। अगर यूपी सरकार, तमिलनाडु की तरह, पेट्रोल की कीमत तीन रुपए कम कर देती तो करोड़ों जनता को महंगाई से थोड़ी राहत जरूर मिल जाती।'' उन्होने कहा ''वैसे भाजपा सरकार ने जिस प्रकार से अंधाधुंध वादे व घोषणायें आदि किए हैं, उसके अनुसार बजट का सही प्रबंध नहीं होने से वे कागजी घोषणायें ही बनकर रह जाएंगी, जबकि बीएसपी सरकार में घोषणाओं से पहले उसके लिए वित्तीय व्यवस्था जरूरी था। यही असली फर्क है बीएसपी व अन्य में।'' गौरतलब है कि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 का पहला अनुपूरक बजट आज विधानसभा में पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 7301.52 करोड़ रुपये की अनुपूरक अनुदानों को पेश करते हुये कहा कि इसमें युवाओं के रोजगार और निर्माण योजनाओ को पूरा करने की व्यवस्था की गयी है।

**शेष : फुलत के मदरसे...**

आए, तो एक साथ कई खुलासे हुए। अनन्त भागवत ने बताया कि हमारी संस्था गैर सियासी है। उसी के तहत छह सितंबर को मुंबई में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, केरल के राज्यपाल आरिफ मौहम्मद खान के अलावा करीब २५० मुस्लिम धर्म गुरुओं को बुलाया गया है। संस्था के अध्यक्ष अनन्त भागवत ने बताया कि पूरे देश के मुसलमान समाज के टॉप लेबिल के लोगों को बुलाने के पीछे मकसद यह है कि अगर कोई भी ईशु हो, तो वह खत्म हो जाए। हम फुलत भी न्यौता देने आए हैं। उन्हें पता है कि १८५७ की क्रांति में यहां हर एक नौजवान ने शहादत दी है। हम यह चाह रहे हैं कि अगर आपस में कोई भी विवाद हो, तो बैठ कर बात हो जाए। हम तो बस यह चाह रहे हैं कि इस कार्यक्रम से देश और दुनिया में आपसी भाईचारे का अच्छा सन्देश जाए।

**शेष : उम्मीद है गठवाला...**

यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि पूंजीपतियों की यह सरकार अब किसानों को आपस में भिड़ाना चाह रही है, अब किसानों की जगह खापों के बीच मतभेद कराकर किसानों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। पंचायत में बाबा बीरसैन फुगाना थाम्बा, बाबा श्याम सिंह बहावड़ी थाम्बेदार, सोहजनी रविन्द बाबा, लांक थाम्बेदार रविन्द बाबा, बाबा सूरजमल प्रतिनिधि देवराज भैंसवाल बत्तीसा खाप, चौधरी संजय बाबा कलखण्डेय खाप लिलौन, चरण सिंह लिसाढ़, वीर सिंह मलिक, जसवंत सिंह लांक, रविन्द्र सिंह, अनिल मलिक, अमित मलिक, रामबीर सिंह, अंकुर मलिक, नीटू प्रधान माजरा, पूर्व विधायक पंकज मलिक, किसान चिंतक कमल मित्तल व गठवाला खाप के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# मुजफ्फरनगर के एक और सपूत ने किया विदेश में जिले का नाम रोशन

मुजफ्फरनगर, 18 अगस्त (बु.)। विश्व तीरंदाजी सब जूनियर चैंपियनशिप में मुजफ्फरनगर के छोटे से गांव खतौला निवासी साहिल चौधरी ने पहले तो पोलैंड में होने वाली अपनी जगह बनाई इसके बाद वह दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि राज्यों के खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए पोलैंड में हिंदुस्तान के तिरंगे को गर्व से लहराने में सहयोग किया। भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 8 मेडल, 2 सिल्वर मेडल और 5 ब्रोंज मेडल हासिल किए, जिसके बाद इन खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए शास्त्री भवन में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उनसे मुलाकात की और कहां आने वाले 2024 के ओलंपिक खेलों में भारत के लिए सबसे ज्यादा गोल्ड लाने का काम हमारे देश के तीरंदाजी को करना होगा। उन्होंने कहा भारतीय खेल मंत्रालय लगातार हर खेल के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित कर रहा है और आने वाले समय में हम खेलों के क्षेत्र में और अधिक प्रयास करेंगे, ताकि हमारे देश का तिरंगा विदेशी धरती पर ऐसे ही लहराता रहे। साहिल चौधरी का अपने पैतृक गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया, जिसमें गांव के और क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला, परंतु साहिल के पिता जी ने कहा कि अभी तक किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने घर आकर साहिल को बधाई तक नहीं दी है, जिससे उन्हें काफी निराशा हुई है। हमें किसी प्रकार का लालच नहीं है, लेकिन कम से कम खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाना चाहिए। साहिल चौधरी का पिता ने कहा यही वजह है कि आज हम खेलों के क्षेत्र में काफी पिछड़े हुए हैं। उन्होंने कहा हम चाहते हैं हमारा बेटा ऐसे ही अपने देश का नाम रोशन करते रहे। साहिल चौधरी ना इस सफलता का श्रेय अपने कोच एवं माता पिता को दिया।



# देश में कोरोना के दैनिक मामलों में 10 हजार से ज्यादा की बढ़ोतरी

नयी दिल्ली 18 अगस्त (वार्ता) देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 35,178 नये मामले दर्ज किये गये, जो इससे एक दिन पहले की तुलना में करीब 10 हजार अधिक हैं। इससे पहले मंगलवार को देश में संक्रमण के 25,166 नये मामले दर्ज किये गये थे। देश में सोमवार को 55 लाख पांच हजार 74 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये तथा अब तक 56 करोड़ छह लाख 52 हजार 32 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 35,178 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 22 लाख 85 हजार 857 हो गया है। इस दौरान 37 हजार 169 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 14 लाख 85 हजार 923 हो गयी है। इसी अवधि में सक्रिय मामले 2433 घटकर तीन लाख 67 हजार 415 रह गये हैं। इस दौरान 440 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख 32 हजार 519 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर घट कर 1.14 फीसदी, रिकवरी दर बढ़कर 97.52 फीसदी और मृत्यु दर 1.34 फीसदी है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 1132 घटकर 64790 रह गये हैं। इसी दौरान राज्य में 5424 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद कोरोना मुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 6201168 हो गयी है, जबकि 116 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 135255 हो गया है।

केरल में इस दौरान सक्रिय मामले 2930 बढ़कर 175695 हो गये हैं तथा 18,556 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोना को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 3529465 हो गयी है जबकि 127 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 18870 हो गयी है। कर्नाटक में कोरोना के सक्रिय मामले 567 घटकर 21507 रह गये हैं। राज्य में 32 मरीजों की मौत से मृतकों का आंकड़ा 37,039 हो गया है। राज्य में अब तक 2873281 मरीज स्वस्थ हुए हैं। तमिलनाडु में सक्रिय मामलों की संख्या 145 घटकर 20225 रह गयी है तथा 32 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 34,579 हो गयी है। राज्य में 2537632 मरीज संक्रमणमुक्त हुए हैं। आंध्र प्रदेश में सक्रिय मामले 16341 रह गये हैं। राज्य में कोरोना को मात देने वालों की तादाद 1965657 हो गयी है जबकि 13,671 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 96 घटकर 9736 रह गये हैं और इस महामारी के संक्रमण से कुल 18,318 लोगों की मौत हुई है। राज्य में अब तक 1511558 मरीज स्वस्थ हुए हैं। तेलंगाना में सक्रिय मामले 6939 रह गये हैं, जबकि अब तक 3847 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 642416 लोग इस महामारी से ठीक हुए हैं। छत्तीसगढ़ में कोरोना के सक्रिय मामले 101 घटकर 1037 रह गये हैं। वहीं 989284 लोग कोरोनामुक्त हो चुके हैं जबकि मृतकों की संख्या 13549 है। पंजाब में सक्रिय मामले 14 घटकर 543 रह गये हैं तथा संक्रमण से निजात पाने वालों की संख्या 583120 हो गयी है जबकि 16,345 मरीजों की जान जा चुकी है। गुजरात में सक्रिय मामले पांच घटकर 179 हो गये हैं तथा अब तक 814956 मरीज संक्रमणमुक्त हुए और 10,078 लोगों की इस महामारी से मौत हो चुकी है।